मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

वर्ष : 42 | अंक : 218 | मंगलवार, 19 नवंबर 2024 | 3 रुपए | पृष्ठ 4

/ulhasvikas | संपादक - हीरो अशोक बोधा (BMM, L.L.B.) | Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com

# कल मतदान

## प्रचार का शोर हुआ खत्म

## प्रचार के अंतिम दिन उम्मीदवारों ने झोंकी पूरी ताकत

- अब घर-घर जाकर प्रचार करेंगे उम्मीदवार
- पुलिस व प्रशासन पूरी तरह तैयार
- अंबरनाथ में शिवसेना बनाम शिवसेना
- उल्हासनगर व कल्याण पूर्व में त्रिकोणीय मुकाबला
- शनिवार 23 नवंबर को होगी मतगणना




**उल्हासनगर.** एक महिने से चल रहा चुनावी घमासान अब अंतिम चरण में आ गया है। कल बुधवार 20 नवंबर को होने जा रहे मतदान के लिए सोमवार शाम 5 बजे तक प्रचार, रैली, रोड शो के जरिए सभी उम्मीदवारों ने अपनी जीत सुनिश्चित करने के लिए पूरी ताकत झोंक दी है। प्रचार का शोर अब खत्म हो चुका है और अब सभी उम्मीदवार घर-घर जाकर प्रचार करेंगे। मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए प्रशासन प्रयास कर रहा है और सामाजिक संगठनों द्वारा भी अपील की जा रही है। 23 नवंबर को मतगणना होगी और शाम तक सभी नतीजे घोषित हो जाएंगे।

ज्ञात हो कि उल्हासनगर महानगरपालिका क्षेत्र में तीन विधानसभाओं का समावेश है जिस पर शहरवासियों की नजर टिकी हुई है। एक तरफ अंबरनाथ विधानसभा क्षेत्र में अंबरनाथ पूर्व व पश्चिम के साथ उल्हासनगर 4 व 5 के कई वार्डों का समावेश हैं उसमें शिवसेना बालाजी किणीकर बनाम शिवसेना उबाठा से राजेश वानखेडे के बीच लड़ाई देखने को मिल रही है। तो वहीं कल्याण पूर्व विधानसभा क्षेत्र में कल्याण पूर्व, हाजीमलंग पट्टी के साथ उल्हासनगर-4 के कई वार्डों का समावेश है वहां पर स्थानीय नेता शिवसेना उबाठा उम्मीदवार धनंजय बोडारे, भाजपा से सुलभा गणपत गायकवाड़ व अपक्ष उम्मीदवार महेश गायकवाड़ के बीच त्रिकोणीय मुकाबला है।

उल्हासनगर विधानसभा क्षेत्र में भी त्रिकोणीय मुकाबला देखने को मिल रहा है। भाजपा से कुमार आयलानी व राकांपा से ओमी पप्पू कालानी को टक्कर देने अपक्ष उम्मीदवार भारत राजवानी गंगोत्री ने दोनों को हराने के लिए पूरा जोर लगाया है। सभी उम्मीदवारों ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। यहां पर सिंधी, उत्तर भारतीय, मराठी समाज, मुस्लिम व अन्य समाज के मतदाताओं को रिझाने में उम्मीदवारों ने कोई कसर नहीं छोड़ी।

### चुनाव के लिए प्रशासन पूरी तरह तैयार

उल्हासनगर विधानसभा क्षेत्र में पुलिस व प्रशासन ने कल शहर में लगने वाले सभी मतदान केंद्रों के लिए अधिकारी व कर्मचारियों की नियुक्तियां कर ली है और पुलिस की मौजूदगी में यह कार्य पूरा रहा है। अतिरिक्त पुलिस फोर्स की तैनाती भी की गई है और ड्रोन के जरिए चुनाव में कोई गड़बड़ी न हो इसके लिए पुलिस पूरी तरह तैयार है। चुनाव के दौरान मतदान केंद्रों पर मोबाइल फोन पर मनाई की गई है।

# कालानी नहीं चाहते शहर का विकास -गंगोत्री




- अपक्ष उम्मीदवार भारत गंगोत्री का कालानी पर प्रहार
- गंगोत्री द्वारा नुक्कड़ नाटक के जरिए जागरूकता

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर विधानसभा क्षेत्र से अपक्ष उम्मीदवार भारत राजवानी (गंगोत्री) ने पत्रकार परिषद में बताया कि कालानी नहीं चाहते शहर का विकास हो क्योंकि जब मैंने शहर विकास के लिए 25 करोड़ का फंड उपमुख्यमंत्री अजित पवार से लाया था उसमें अड़ंगा डालने का कालानी द्वारा भरपूर प्रयास किया गया ताकि शहर विकास न हो सके लेकिन बावजूद मैंने अपने पैनल वासियों के लिए कार्य कर विकास किए आज उन्हीं विकास कार्यों से जनता खुश है। आज उसी कार्य से प्रेरणा लेकर



उल्हासनगर विधानसभा क्षेत्र में मेरी विकास करने की इच्छा है। गंगोत्री ने कहा कि पैनल 17 का मॉडल अगर उल्हासनगर-1, 2, 3 व म्हारल, वरप व कांबा में लागू हो गया तो काफी हद तक समस्याओं का समाधान होगा।

### गंगोत्री के रिल्स हो रहे वायरल

गंगोत्री ने उल्हासनगर विधानसभा क्षेत्र से पूर्व व वर्तमान विधायकों की पोल खोलने के लिए जो रिल्स बनाए हैं वो जमकर वायरल हो रहे हैं और चर्चा का विषय बने हुए हैं। इन रीलस में डॉक्टर मरीजों को दवाई और एक्सपायरी दवाई के बारे में फर्क बता रहे हैं। जो हमारे शहर के नेताओं पर भी लागू होता है। जनजागृत करने वाला यह वीडियो जमकर वायरल हो रहा है साथ ही तीन वाहन चालकों का उदाहरण दिया गया है जिसमें एक बेवड़ा वाहन चालक और एक बीच रास्ते में छोड़ने वाला चालक और एक मंजिल तक पहुंचाने वाला चालक दिखाया गया है। यह वीडियो भी जमकर चल रहा है। इसके साथ ही उन्होंने किस तरह भ्रष्टाचार और गुंडागर्दी से बचने के लिए एक नुक्कड़ नाटक जनजागृति के लिए युवाओं द्वारा किया गया जिसमें नेता चुनने के बाद किस तरह 5 वर्षों बाद वोट मांगने आते हैं यह अपनी कला के जरिए युवाओं ने पेश किया। पांच वर्षों में एक बार दिखने वाले नेताओं की हालत नाटक द्वारा बताई गई।

# प्रचार के अंतिम दिन आयलानी ने भी प्रचार में लगाई पूरी ताकत




उल्हास विकास संवाददाता

**उल्हासनगर।** उल्हासनगर विधानसभा क्षेत्र से महायुति के उम्मीदवार कुमार आयलानी जोकि मौजूदा विधायक भी हैं। उन्होंने कल प्रचार के अंतिम दिन क्षेत्र के रहिवासियों के साथ बैठक कर उन्हें भविष्य में विकास कार्य जो उनके एजेंडे में है उससे अवगत कराया। उनके साथ उनकी पत्नी मीना आयलानी भी थी जहां उन्होंने महिलाओं के साथ वादा किया कि वो महिलाओं के हक के लिए कार्य करेंगी और उनकी पानी जैसी गंभीर समस्या का समाधान भी करेगी। उन्होंने महायुति के उम्मीदवार कुमार आयलानी को जीताने की अपील की। वहां आए वरिष्ठ नागरिकों ने भी आयलानी को समर्थन दिया।

# कमलेश निकम समेत 39 लोगों को तड़ीपारी का नोटिस

- कालानी समर्थकों के घर पर 'इनकम टैक्स' का छापा
- हार के डर से भाजपा का हथकंडा -समर्थक

**उल्हासनगर.** चुनाव प्रचार के अंतिम चरण में रविवार को आयकर विभाग ने ओमी कालानी के दो समर्थकों के घरों पर छापेमारी की. सूत्रों ने बताया कि दोनों के पास से उनको कुछ हाथ नहीं लगा। ऐसे में पुलिस ने चुनाव अवधि के दौरान सीआरपीसी की धारा 144 के तहत कालानी के खास कमलेश निकम और 39 लोगों को तड़ीपारी का नोटिस जारी किया है।

ओमी के कट्टर समर्थक दो स्थानीय नेताओं के पर आयकर विभाग की छापेमारी की चर्चा थी. जब निकम से इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने अपने साथ एक समर्थक के घर पर छापा मारे जाने की बात स्वीकार की.

कालानी समर्थकों ने कहा है कि हार के डर से भाजपा का यह पुराना हथकंडा रहा है लेकिन हम झूकेंगे नहीं हम लड़ाई जारी रखेंगे। वहीं पुलिस उपायुक्त सचिन गोरे ने बताया कि शांति बनाए रखने के लिए कई अपराधियों को नोटिस दिया गया है।

## बचाया गया प्लास्टिक के जार में फंसे कुत्ते को

**कल्याण.** एक आवारा कुत्ते को एक सप्ताह बाद सुरक्षित बचाया गया, जिसका प्लास्टिक के जार में सिर फंस गया था, एक पशु कल्याण संस्था के प्रतिनिधि ने रविवार को यह जानकारी दी, प्रतिनिधि ने बताया कि डोंबिवली में पानी की तलाश करते समय कुत्ते का सिर जार में फंस गया था, स्थानीय निवासी काइद कछवाला ने इस हालत में कुत्ते को देखकर सोशल मीडिया के जरिए 'प्लांट एंड एनिमल्स वेलफेयर सोसाइटी' (पीएडब्ल्यूएस) को इसकी सूचना दी.

# पप्पू कालानी की परछाई है ओमी कालानी

- म्हारल, वरप व कांबा में ओमी कालानी की भव्य रैली
- भिवंडी के सांसद बाल्या मामा हुए रैली में शामिल




**उल्हासनगर.** उल्हासनगर विधानसभा क्षेत्र से महाविकास आघाड़ी राकांपा के उम्मीदवार ओमी पप्पू कालानी प्रचार के अंतिम दिन में म्हारल, वरप व कांबा गांव में भव्य प्रचार रैली निकाली जिसमें सैकड़ों की संख्या में महिलाओं व युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

इस भव्य को समर्थन करने राकांपा नेता व भिवंडी के सांसद बाल्या मामा आए हुए थे। बाल्या मामा ने इस रैली में शामिल हुए गांववासियों से कहा कि पप्पू कालानी ने अपने कार्यकाल में जो कार्य किए हैं उन्हें आज भी याद किया जाता है और उनके ही मार्गदर्शन में कार्य कर रहे उनकी परछाई ओमी कालानी आप लोगों के बीच में आई हुई है इसलिए भारी मतों से ओमी कालानी को विजई बनाए।

# प्रचार बीच में छोड़कर मदद के लिए दौड़ीं सुलभा गायकवाड़



**कल्याण.** कल्याण पूर्व विधानसभा क्षेत्र में महायुति की उम्मीदवार सुलभा गायकवाड़ को प्रचार के दैरान सूचना मिली कि एक घर में आग लग गयी है. तत्काल प्रचार अभियान को बीच में छोड़कर वे वहां से निकलकर मौके पर पहुंची और पीड़ित परिवार से मुलाकात कर मदद की. इस मौके पर उन्होंने कहा कि जनता की सेवा करना और उनके सुख-दुख में शामिल होना मेरा प्राथमिक कर्तव्य है। राजनीतिक जिम्मेदारियों के साथ-साथ मानवता को भी प्राथमिकता दी जानी चाहिए। सुलभा के इस फैसले का जनता स्वागत कर रही है.

कल्याण पूर्व विधानसभा क्षेत्र से भाजपा महायुति की आधिकारिक उम्मीदवार सुलभा गायकवाड़ ने मानवता की मिसाल कायम की है। उल्हासनगर कैंप नंबर चार में बीजेपी प्रत्याशी सुलभा गायकवाड की रैली आयोजित की गई. वह मतदाताओं से समर्थन की अपील करते हुए प्रचार कर रही थीं।

इसी दौरान उन्हें कल्याण पूर्व विधानसभा क्षेत्र में एक घर में आग लगने की जानकारी मिली. सूचना मिलते ही वे रैली बीच में छोड़कर सीधे अग्निपीड़ित परिवार की मदद के लिए घटनास्थल पर पहुंच गयीं. सुलभा गायकवाड ने न सिर्फ पीड़ित परिवार के बारे में जानकारी ली बल्कि प्रशासन से तत्काल मदद दिलाने की भी कोशिश की. उनकी मानवता एवं संवेदनशीलता की क्षेत्र के नागरिकों ने सराहना की है। इस कदम से जनमानस में उनकी छवि और मजबूत हुई है.

# हमारे कार्यकर्ताओं, मतदाताओं को डराया-धमकाया जा रहा

## बाइक रैली में शिवसेना के उम्मीदवार किणीकर ने कहा

यूसुफ शेख



**अंबरनाथ.** हमारे कार्यकर्ताओं, मतदाताओं को घर के अंदर घुसकर डराया, धमकाया जा रहा है और झूठे अपराध दाखिल करने की धमकी दी जा रही है. प्रसार माध्यम से बात करते हुए ऐसा आरोपी शिवसेना शिंदे के अंबरनाथ निर्वाचन क्षेत्र के उम्मीदवार डॉ. बालाजी किणीकर ने लगाया है. उन्होंने चुनाव आयोग एवं पुलिस आयुक्त से अपील की है कि ऐसे अशांति फैलाने वाले विरोधकों पर कार्रवाई की जाए.

किणीकर के प्रचार हेतु निकाली गई बाइक रैली में सैकड़ों युवक बाइक पर किणीकर को मत देने की अपील करते हुए नारे लगा रहे थे. किणीकर ने कहा कि उनकी विजय निश्चित है. मतदाताओं के साथ व्यापारियों ने भी हमारा समर्थन किया है और हमारी महायुति सरकार आएगी और लॉ एंड आर्डर बिगाड़ने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी. किणीकर समर्थकों को कौन धमकी दे रहा है ये स्पष्ट नहीं हो पाया है, लेकिन ये देखने में आ रहा है कि शिवसेना शिंदे गुट के कुछ नेता अब खुलकर शिवसेना उबाठा के उम्मीदवार राजेश वानखेड़े के लिए कार्य कर रहे हैं. ये एक चिंता का विषय किणीकर के लिए बन गया है. लेकिन वह चुप नहीं बैठे हैं. रोजाना सुबह से रात तक, पैदल चल-चल कर लोगों से मिल रहे हैं और अपने विकास कार्य लोगों को बता रहे हैं. बाइक रैली में उनके साथ सुनिल चौधरी, सुभाष सालुंखे, निखिल चौधरी और भाजपा के प्रदेश सचिव गुलाब करंजुले आदि उपस्थित थे. करंजुले ने भी कहा है कि विधायक डॉ. बालाजी किणीकर विजयी होंगे और वे चौथी बार विधायक बनेंगे.

# किणीकर के समर्थन में मुस्लिम जमात मैदान में

- शानदार रैली निकाली गई
- सैकड़ों बुरकापोश महिलाएं रैली में शामिल

उल्हास विकास संवाददाता



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ मुस्लिम जमात की ओर से सोमवार को दोपहर में महायुति के उम्मीदवार डॉ. बालाजी किणीकर के समर्थन में प्रचारार्थ एक शानदार रैली का आयोजन उलन चाल में रफीक खान के कार्यालय से निकाली गई, जिसमें सैकड़ों बुरकापोश मुस्लिम महिलाएं अपने हाथ में किणीकर के फोटो वाला प्ले बोर्ड लेकर रैली में शामिल हो गई. किणीकर के समर्थन में नारेबाजी करते हुए इन महिलाओं को देखा गया. ये मुस्लिम बहुल परिसर में मुस्लिमों की एक शानदार रैली थी. ये रैली उलन चाल से गैबन शाह वली दर्गा रोड, चिंचपाड़ा, न्यू कालोनी गांव देवी, विमको नाका, केबी मुख्य महामार्ग से होकर वापस उलन चाल से दर्गा के पास समाप्त हुई. ढाई घंटे तक धूप में पसीने से सराबोर ये रैली शानदार तरीके से निकाली गई थी. रैली में इतने ज्यादा लोग थे कि चिंचपाड़ा चौक, केबी सड़क पर कुछ देर तक यातायात जाम हो गया था. मुस्लिम जमात के ट्रस्टी डॉ. जुबेर शाह, आरिफ काजी, मकबूल खान के अलावा सामाजिक कार्यकर्ता रफीक खान, अदनान काजी व अन्य मुस्लिम नेता उपस्थित थे. डॉ. जुबेर शाह, आरिफ और रफीक खान ने कहा कि विधायक किणीकर ने मुस्लिम समाज के लिए कार्य किया है. मुस्लिम कब्रस्तान के लिए एक एकड़ जमीन दी है एवं उन्होंने मुस्लिम समाज के लिए आगे भी कार्य करने के लिए कहा है. इसलिए मुस्लिम जमात ने उन्हें समर्थन दिया है.

# किणीकर-वानखेड़े का मुकाबला होगा टफ

- वानखेड़ी की अभूतपूर्व रैली से विरोधक सहमे

उल्हास विकास संवाददाता



**अंबरनाथ.** रविवार को जब शिवसेना उबाठा के उम्मीदवार राजेश वानखेड़े शिवसेना शिंदे के इलाके भवानी चौक खुंटवली पहुंचे तो कार्यकर्ताओं ने उन पर फूल बरसाये. वानखेड़े भवानी चौक से भवानी माता मंदिर में भी गए. पूजा अर्चना करके उनकी विजयी होने के लिए प्रार्थना की. शिंदे के दबदबे वाले इलाके में उद्धव ठाकरे के झंडे बैनर लगे देखे गए. इस बात की चर्चा रही कि शिंदे गट के कुछ नेता किणीकर को हराने एवं वानखेड़े को जिताने के लिए काम कर रहे हैं. इसलिए अब किणीकर और वानखेड़े का मुकाबला टफ हो गया है. रैली में पत्रकारों को वानखेड़े ने कहा कि भव्य रैली देखकर विरोधक घबरा गए हैं. उनकी जीत निश्चित है, लेकिन किणीकर द्वारा सोमवार को ये बयान दिए जाने पर कि उनका कार्यकर्ताओं, मतदाताओं को धमकीयां दी जी रही हैं. इस बयान से पुलिस भी अलर्ट हो गई है. अब 20 नवंबर बुधवार को ही मालूम पड़ेगा कि किसका पलड़ा भारी रहता है. लेकिन शहर में इस बात की चर्चा है कि शिवसेना उबाठा के उम्मीदवार राजेश वानखेड़े द्वारा निकाली गई रैली अभूतपूर्व थी.

# उल्हासनगर परिमंडल में 24 ड्रोन से की जाएगी निगरानी

- मतदान प्रक्रिया के लिए पुलिस अलर्ट

**उल्हासनगर.** मतदान प्रक्रिया को भयमुक्त माहौल में संपन्न कराने और कानून, व्यवस्था व शांति बरकरार रखने के लिए ठाणे पुलिस आयुक्त आशुतोष डुंबरे के नेतृत्व में पुलिस उपायुक्त सचिन गोरे ने कमर कस ली है. उल्हासनगर पुलिस परिमंडल के अंतर्गत 8 पुलिस थानों की सीमा में 24 ड्रोन कैमरे निगरानी के लिए तैनात रहेंगे. पुलिस उपायुक्त सचिन गोरे, उल्हासनगर के सहायक पुलिस आयुक्त अमोल कोली, अंबरनाथ के सहायक पुलिस आयुक्त शैलेश काले, उल्हासनगर थाने के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक विष्णु ताम्हने, सेंट्रल पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक शंकर अवताडे, विठ्ठलवाड़ी थाने के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अनिल पडवल, हिललाइन पुलिस थाने के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अनिल जगताप, अंबरनाथ थाने के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक बालाजी पांडे, शिवाजी नगर थाने के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक रमेश पाटिल, बदलापुर थाने के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक किरण बलवाडकर, बदलापुर पश्चिम के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अनिल थोरवे ने 24 ड्रोन कैमरे तैयार रखे हैं, जिनमें से प्रत्येक थाने की सीमा में 3-3 ड्रोन कैमरे निगरानी करेंगे.



- पहली बार अत्याधुनिक ड्रोन तकनीक का इस्तेमाल

चुनाव के मद्देनजर पहली बार अत्याधुनिक ड्रोन तकनीक का इस्तेमाल शुरू किया गया है। इसका मकसद हवा से शहर पर कड़ी नजर रखकर किसी भी अप्रिय घटना से बचना है। ड्रोन किसी भी संदिग्ध को तुरंत पकड़ने की क्षमता रखता है आवाजाही, बड़ी भीड़, अनुचित व्यवहार आदि से संभावित अपराधों का समय रहते पता लगाया जा सकेगा।

मतदान के दिन भी पुलिस के यह 'डिजिटल नेत्र' अधिक सक्रिय-सतर्क रहेंगे। मतदान के दौरान भीड़ नियोजन, किसी भी प्रकार के राजनीतिक दबाव या कानून-व्यवस्था के उल्लंघन को नियंत्रित करने में ये ड्रोन प्रभावी होंगे।

नागरिक ड्रोन तकनीक का प्रदर्शन देखने के लिए उत्सुक हैं और नागरिकों ने पुलिस की इस अभिनव पहल का स्वागत किया है। इस बीच, विठ्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन की सीमा के भीतर कुछ क्षेत्र संवेदनशील हैं और वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अनिल पडवल ने गुंडागर्दी पर अंकुश लगाने के लिए एक विशेष रूट मार्च अभियान चलाया है।

जीवन में हजारों लड़ाइयां जीतने से बेहतर स्वयं पर विजय प्राप्त कर लो. फिर जीत हमेशा तुम्हारी होगी, जिसे तुमसे कोई नहीं छिप सकता. - महात्मा गौतम बुद्ध

उल्हास विकास लोकप्रिय हिंदी दैनिक

संपादकीय

## दिसानायके ने बदला देश का मिजाज

श्रीलंका दो साल पहले की उथल-पुथल से उबरते हुए अब एक नई राह पर है। पिछले दिनों शांतिपूर्वक हुए संसदीय चुनावों से स्पष्ट है कि देश अतीत की त्रासद छाया से निकल रहा है। नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) ने सभी वर्गों और समुदायों का समर्थन हासिल कर जता दिया है कि उस पर और राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायके पर पूरे देश को भरोसा है। गौरतलब है कि दिसानायके की पार्टी एनपीपी को संसदीय चुनाव में साठ फीसद से अधिक मत प्राप्त हुए हैं। इस तरह श्रीलंका के इस प्रमुख दल को संसद में दो-तिहाई बहुमत मिल गया है।

प्रतिद्वंद्वी प्रेमदासा की पार्टी चालीस सीटों पर सिमट कर रह गई। बाकी को गिनती की सीटें मिलीं। शानदार जीत के साथ एनपीपी ने विपक्षी दलों पर बढ़त तो बनाई ही, एक दूरगामी संदेश भी दिया है। यह कम बड़ी बात नहीं कि तमिल अल्पसंख्यकों के गढ़ जाफना में उसने अपने प्रभुत्व को बनाए रखा और वहां की छह में से तीन सीटें अपनी झोली में डाल लीं। वहां वर्षों वर्चस्व बनाए रखने वाली तमिल पार्टियों को इससे गहरा झटका लगा है। जबकि इससे पहले कभी सिंहली बहुल पार्टी जाफना प्रांत में अपने पैर नहीं जमा पाई थी।

एनपीपी की विजय को दिसानायके के उस बयान के परिप्रेक्ष्य में देखा जाना चाहिए, जिसमें उन्होंने कहा था कि उनकी पार्टी को सभी समुदायों के बीच स्वीकार किया जा रहा है। गौरतलब है कि राष्ट्रपति चुनाव जीतने के तुरंत बाद उन्होंने संसद का चुनाव कराने का एलान कर दिया था। उस समय दिसानायके ने कहा था कि देश की शक्तियां काफी हद तक राष्ट्रपति के अधीन हैं और इसे कम किया जाना चाहिए। इसके लिए उन्होंने लोगों से दो-तिहाई सीटें जिताने की अपील की थी।

राष्ट्रपति के अधिकारों को लेकर श्रीलंका में सवाल उठते रहे हैं। मगर किसी भी दल ने कोई पहल नहीं की। अब उम्मीद की जा रही है कि दिसानायके न केवल भ्रष्टाचार पर लगाम लगाएंगे, बल्कि राष्ट्रपति की शक्तियां कम करने के अपने वादे को भी पूरा करेंगे। दो-तिहाई बहुमत मिलने के बाद उन्हें देशहित में कोई भी कदम उठाने की ताकत मिल गई है। दिसानायके का अगला कदम क्या होगा, इस पर सभी की निगाह रहेगी।

# जी-20 का मार्गदर्शक बना भारत, आदर्श व्यवहार से दिखाई नई राह

19वें जी-20 शिखर सम्मलेन में भाग लेने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ब्राजील के रियो डी जेनेरो में होंगे। गत वर्ष भारत ने इस अहम अंतरराष्ट्रीय संस्थान की मेजबानी में ऊंचे मानक स्थापित किए और विश्व स्तर पर अपने नेतृत्व एवं कौशल का परिचय दिया था। हालांकि जी-20 की अध्यक्षता रोटेशन नीति के तहत अभी ब्राजील के पास है जो अगले साल दक्षिण अफ्रीका के पास रहेगी।

जहां तक इस संस्था को प्रभावित करने का पहलू है तो भारत ने इसकी प्रकृति और दिशा को आकार देने में सतत प्रतिबद्धता दिखाई है। जी-20 को केवल राष्ट्रीय प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले माध्यम के रूप में देखने के बजाय भारत ने इसे विश्व कल्याण हेतु अपने कर्तव्य के तौर पर देखा है और अध्यक्षता छोड़ने के बाद भी उतनी ही लगन एवं श्रद्धा से इसकी सफलता के लिए योगदान दिया है।

इस संदर्भ में प्रधानमंत्री मोदी का यह बयान अतिशयोक्ति नहीं है कि वर्तमान अध्यक्ष ब्राजील ने 'भारत की विरासत को आगे बढ़ाया है।' आज भारत जी-20 की 'तिकड़ी' का सदस्य है, जो संस्था की निरंतरता को सुनिश्चित करती है। इस उत्तरदायित्व को भारत ने निष्ठा से निभाया है और कई मुद्दों पर अमिट छाप छोड़ी है।

अपनी अध्यक्षता में ब्राजील की पहली प्राथमिकता भूख और गरीबी के खिलाफ लड़ाई है। इससे संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों पर प्रगति में तेजी लाने के लिए भारत की मेजबानी के दौरान दी गई प्राथमिकता को ही आगे



बढ़ाया जा रहा है। विश्व के कम विकसित देशों में ब्राजील ने स्वयं गरीबी और भुखमरी जैसी समस्याओं से निपटने के लिए कई परियोजनाओं और कार्यक्रमों को कार्यान्वित किया है और वह चाहता है कि जी-20 द्वारा ब्राजीलियाई खाके को वैश्विक मान्यता मिले।

उल्लेखनीय है कि भारत का भी विकासशील जगत में सहयोग प्रदान करने का बड़ा अनुभव है और जी-20 अध्यक्षता के दौरान भारतीय 'डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे' को मान्यता मिली थी। डिजिटल माध्यमों के जरिये अंतिम कतार में खड़े आम व्यक्ति तक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने में मोदी युग में भारत ने जो कीर्तिमान बनाए हैं, अब वह जी-20 के सहारे दुनिया के कोने-कोने में अपनाए जा रहे हैं।

इसके अलावा भारत ने 'महिला नेतृत्व वाले विकास' की संकल्पना कर उसे अपनी जी-20 अध्यक्षता की आधारशिलाओं में से एक बनाया था। ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका की जी-20 अध्यक्षताओं के अंतर्गत इन दो भारतीय पहलों को आगे ले जाया जा रहा है।

मेजबान ब्राजील की दूसरी प्राथमिकता हरित ग्रह बनाने के लिए ऊर्जा परिवर्तन से जुड़े संक्रमण को सक्षम बनाना है। इस ध्येय में भी भारत द्वारा रखी गई नींव की साफ झलक दिखती है। भारत ने 'हरित विकास' और 'जलवायु वित्त' के विचारों को 2023 में जी-20 के एजेंडे में सर्वोपरि रखा और विकसित देशों को वित्तीय सहायता के लिए अधिक महत्वाकांक्षी लक्ष्यों के लिए सहमत किया।

जी-20 के दिल्ली घोषणापत्र में जलवायु संबंधित निवेश और वित्त को बड़े पैमाने पर बढ़ाने की आवश्यकता पर सर्वसम्मति बनी थी और "वैश्विक स्तर पर सभी स्त्रोतों से अरबों से खरबों डालर तक का वित्तीय सहयोग" जुटाने का निर्णय लिया गया था।

हालांकि, आज भी जी-20 के विकसित सदस्य विकासशील देशों को जलवायु परिवर्तन से जूझने के लिए बड़े पैमाने पर वित्तीय संसाधन उपलब्ध कराने से कतरा रहे हैं। ऐसी स्थिति में भारत ने इस विषय को प्रमुखता देने में भूमिका निभाई है और अब ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका उसी आधार को विस्तार दे रहे हैं।

अमेरिका में आर्थिक राष्ट्रवादी डोनाल्ड ट्रंप के सत्ता में वापसी के चलते जलवायु परिवर्तन संबंधित वित्तीय सहायता के मोर्चे पर मुश्किलें बढ़ने के आसार हैं। यदि ऐसा होता है तो भारत, ब्राजील और अन्य अग्रणी विकासशील देशों को यूरोप, ब्रिटेन और जापान के साथ मिलकर अभिनव हल तलाशने होंगे।

प्रधानमंत्री मोदी ने जी-20 में 'लाइफ' (पर्यावरण के लिए जीवनशैली) का महामंत्र दिया था और इस अवधारणा को दिल्ली जी-20 शिखर बैठक में प्रमुखता से सराहा गया था।


संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

जब हमारे विचार प्रभु के दिव्य प्रेम से भर जाते हैं, तो हमारे वचन और कार्य भी मीठे और प्रेमपूर्ण हो जाते हैं।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक

# लापरवाही की आग, लगातार हो रहे

किसी भी हादसे का सबसे अनिवार्य सबक यह होना चाहिए कि ऐसे इंतजाम किए जाएं, ताकि भविष्य में फिर उस तरह के हालात से बचा जा सके। मगर ऐसा लगता है कि सरकारों ने एक तरह से यह रिवायत बना ली है कि किसी हादसे में जब तक कई लोगों की जान न चली जाए और वह मुद्दा तूल न पकड़ ले, तब तक उसकी नींद नहीं खुलेगी। उत्तर प्रदेश के झांसी में महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कालेज में शुक्रवार की रात को जैसा हादसा हुआ, अगर वह सरकार के लिए सिर्फ पीड़ित परिवारों को मुआवजा देने और जांच या कार्रवाई तक सीमित रहने का मामला बन कर रह जाता है, तो यह एक तरह से अगले हादसे का इंतजार करने से ज्यादा नहीं होगा।

गौरतलब है कि अस्पताल के नवजात शिशु गहन चिकित्सा कक्ष यानी एनआइसीयू में शुक्रवार की रात भीषण आग लग गई, जिसमें दस नवजात की जल कर मौत हो गई। एनआइसीयू वार्ड में जिस वक्त आग लगी, तब उसमें चौवन बच्चे भर्ती थे। मगर अस्पताल की आपात व्यवस्था लाचार पड़ी रही और कुछ अन्य लोगों ने अपनी जान पर जोखिम उठा कर कई बच्चों को बचाया। अगर इन कुछ लोगों ने हिम्मत नहीं की होती तो अंदाजा लगाया जा सकता है कि कितने बच्चे जिंदा बच पाते।

आखिर ऐसी स्थिति कैसे बनी हुई थी कि अस्पताल के सबसे संवेदनशील कक्ष में भी इतने बड़े हादसे को रोका नहीं जा सका। खबरों के मुताबिक, झांसी के मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि यह घटना अस्पताल के आक्सीजन कंसंट्रेटर में आग लगने की वजह से हुई। साथ ही कारण के रूप में शार्ट सर्किट, अग्नि सुरक्षा के नियमों का धता बताने




और आग बुझाने वाले यंत्र पुराने होने की खबरें भी आईं। अब रस्मी तौर पर इन सबकी त्रि-स्तरीय जांच कराने की सरकारी घोषणा कर दी गई है।

मृत नवजातों के परिजनों को पांच लाख रुपए और गंभीर घायलों को पचास हजार रुपए की आर्थिक सहायता दी जाएगी! लेकिन ऐसी तमाम घटनाएं गवाह हैं कि इस तरह की जांच के नतीजे क्या आते हैं, किसे जिम्मेदार ठहराया जाता है, किसके खिलाफ कार्रवाई होती है और उसके बाद ऐसे हादसों को पूरी तरह रोकने और बचाव के लिए क्या किया जाता है, यह जनता के सामने शायद ही कभी आ पाता है। मान लिया जाता है कि मुआवजा ऐसी लापरवाहियों का शिकार होकर किसी की मौत से उठे सवालों का जवाब है।

ऐसा नहीं है कि इस तरह की यह कोई पहली घटना है। इससे पहले गोरखपुर के बीआरडी मेडिकल कालेज में सन 2017 में आक्सीजन की आपूर्ति बाधित होने से तिरसठ बच्चों की जान चली गई थी। इसी वर्ष मई में दिल्ली में एक अस्पताल में आग लगने से सात नवजातों की मौत हो गई। जिन अस्पतालों में लोग अपना या अपने बच्चों का इलाज कराने या जान बचाने की आस लेकर पहुंचते हैं, वहां सिर्फ लापरवाही, बदइंतजामी और कुप्रबंधन की वजह से अगर ऐसे हादसों में लोगों को जान गंवानी पड़ती है, तो इसके लिए कौन जवाबदेह है?

आग लगने की सभी आशंकाओं को खत्म करने से लेकर बचाव के सभी इंतजाम करने की जिम्मेदारी किसकी है? केवल सब कुछ ठीक होने के दावे से ऐसी आपराधिक लापरवाहियों को ढका नहीं जा सकता। सवाल है कि ऐसे हादसे सरकार के लिए कब ऐसा सबक बनेंगे, जब वह इनसे बचाव या ऐसा न होने देने के लिए ठोस और मुकम्मल इंतजाम करेगी।

# 500 रुपया दे दो...नहीं तो कूदकर जान दे दूंगा

## जरा हट के

कोरबा जिले में एक शराबी युवक हाइटेंशन लाइन के टावर पर चढ़ गया. मामला मानिकपुर पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत दादर बस्ती का है. शराब के नशे में धुत एक युवा हाई टेंशन टावर पर लगभग 60 फिट ऊपर चढ़ गया. दादर निवासी 26 वर्षीय करन टावर पर चढ़कर अपनी पत्नी और लोगों को आवाज दे रहा था कि उसे ₹500 शराब पीने के लिए नहीं दिए तो वह टावर से नीचे कूद कर जान दे देगा. लोग उसे मनाते रहे कोई ₹500 देने की बात कहता तो कोई शराब लाकर पिलाने की बात कहता युवक कभी नीचे उतरने की कोशिश करता तो फिर ऊपर चढ़ने की बात कह कर नीचे कूद कर जान देने की धमकी देने लगता. यह ड्रामा लगभग 1 घंटा तक चलता रहा.

युवक टावर पर चढ़कर कह रहा था कि उसने शराब के लिए अपनी पत्नी से ₹500 मांगे थे. लेकिन उसने नहीं दिया. जिसके कारण नाराज हो कर वो टावर पर



चढ़ा है और अब वह नीचे नहीं आएगा. इस बीच उसकी मां भी मौके पर सूचना मिलते ही पहुंची और नीचे उतरने के लिए गुहार लगाने लगी युवक को और गुस्सा आ गया और वह ऊपर चढ़ने लगा. इसकी सूचना तत्काल ग्रामीणों ने मानिकपुर चौकी पुलिस को दी. चौकी प्रभारी नवीन पटेल टीम के साथ मौके पर पहुंचे और किसी तरह युवक को समझा बुझाकर नीचे उतारा इस बीच भी युवक कभी नीचे उतरने की बात पर राजी हो जाता था तो कभी फिर से ऊपर चढ़ने लगता था. काफी समय और काफी मशक्कत के बाद युवक नीचे उतरा तब जाकर राहत की सांस लोगों ने ली.बताया जा रहा है कि युवक शराब के नशे में था और इससे पहले भी शराब पीने के बाद घर और बस्ती में वो हंगामा मचा चुका है. उसकी हरकत से घर वाले भी परेशान हैं, लेकिन वह इस बार टावर पर चढ़ गया अगर थोड़ी सी चूक होती तो उसकी जान भी जा सकती थी. मानिकपुर चौकी प्रभारी नवीन पटेल ने बताया कि सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस टीम पहुंची हुई थी और किसी तरह युवक को समझा बुझाकर घर भेजा गया समय रहते अगर पुलिस नहीं पहुंचती तो कभी भी कोई घटना घट सकती थी.

# ड्राई फ्रूट्स में सबका सरताज है टाइगर नट्स

- काजू-बादाम भी इसके सामने फेल
- हार्ट डिजीज और डायबिटीज में रामबाण

टाइगर नट्स के बारे में अपने देशों में कम लोगों को पता है. लेकिन यह काजू-बादाम से ज्यादा ताकतवर है. इसे चूफा, येलो नटसेज और अर्थ अलमंड भी कहा जाता है. हालांकि टाइगर नट्स का नाम नट्स जरूर है लेकिन यह नट्स नहीं है. टाइगर नट का आकार काबुली चना जितना होता है. इसका टेक्सचर नारियल की भूसी की तरह होता है. टाइगर नट्स पहले पहल मिस्त्र में उगाया गया लेकिन अब इसे हर जगह उपजाया जाता है. मिस्त्र के लोग टाइगर नट्स का इस्तेमाल भोजन और औषधि दोनों रूप में करते थे. टाइगर नट्स में फाइबर, कार्बोहाइड्रैट, प्रोटीन, हेल्दी फैट, आयरन, विटामिन, जिंक, पोटैशियम, कैल्शियम सहित कई तरह के पोषक तत्व पाए जाते हैं. टाइगर नट्स में कई तरह के एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं जो कैंसर के जोखिम को भी कम करते हैं. सिर्फ 28 ग्राम टाइगर नट्स में 143 कैलोरी ऊर्जा मिलती है. यह कोलेस्ट्रॉल से लेकर ब्लड शुगर तक को कम करता है.



### 1. पाचन तंत्र को मजबूत करता

हेल्थलाइन की खबर के मुताबिक टाइगर नट्स में डाइट्री फाइबर की कोई कमी नहीं होती है. इसमें इंसॉल्यूबल फाइबर पाया जाता है. इसलिए टाइगर नट्स में पाचन तंत्र के लिए बेहद फायदेमंद है. इंसॉल्यूबल फाइबर आंत की लाइनिंग को स्मूद करता है जिसके कारण कब्ज, गैस, अपच, भारीपन जैसी समस्याएं नहीं होती.

### 2. डायबिटीज को करता

टाइगर नट्स डायबिटीज को कंट्रोल करने में बहुत मददगार है. जानवरों पर हुए अध्ययन में पाया गया है कि टाइगर नट्स ब्लड शुगर को तेजी से कम कर देता है क्योंकि यह शुगर को जल्दी अवशोषित होने से रोकता है. टाइगर नट्स में एमिनो एसिड अर्जेनिन पाया जाता है तो इंसुलिन के प्रोडक्शन को बढ़ाता है.

### 3. हाई कोलेस्ट्रॉल को कम करता

जिन लोगों को हाई कोलेस्ट्रॉल की समस्या है, उसके लिए टाइगर नट्स बहुत फायदेमंद है. टाइगर नट्स में हेल्दी फैट पाया जाता है. यह मोनोसैचुरेटेड फैट होता है जो हार्ट के लिए बेहद फायदेमंद है. मोनोसैचुरेटेड फैट बैड कोलेस्ट्रॉल को कम कर गुड कोलेस्ट्रॉल को बढ़ाता है. इससे हार्ट अटैक, स्ट्रोक और हार्ट डिजीज से होने वाली मौत का खतरा कम हो जाता है.

### 4. इम्यूनिटी बढ़ाता है-

टाइगर नट्स में विटामिन सी और कई तरह के एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं जिसके कारण यह शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता यानी इम्यूनटी को बूस्ट करता है. इससे शरीर में इंफेक्शन का खतरा बहुत कम हो जाता है. स्टडी में पाया गया है कि टाइगर नट्स ई. कोलाई, स्टेफायोलकोकस और सेलमोनेला बैक्टीरिया के इंफेक्शन से बचाता है.

### 5. पौरुष शक्ति बढ़ाने में

रिपोर्ट में कहा गया है कि टाइगर नट्स में कामोत्तेजक गुण होता है. रिपोर्ट के मुताबिक नाइजीरिया के पुरुष सदियों से टाइगर नट्स का इस्तेमाल इरेक्टाइल डिसफंक्शन के इलाज में करते आ रहे हैं. टाइगर नट्स से स्पर्म काउंट भी बढ़ता है.


# आलू टमाटर का झोल




आलू एक ऐसी सब्जी है जिसे कई तरह से बनाया जा सकता है। हर सब्जी के साथ आलू को मिक्स किया जा सकता है। जितनी रेसिपीज केवल आलू से बन सकती हैं, शायद ही किसी और सब्जी से बन सकें। दाल की तरह ही ज्यादातर आलू भी हर दिन बनता है। आलू फ्राई, ग्रेवी आलू, आलू पराठा समेत कई डिश आलू के बिना अधूरे हैं। आज हम आलू की एक ऐसी रेसिपी बताएंगे जो स्वादिष्ट होने के साथ ही बनाने में आसान है। इसे रोटी पराठा या चावल किसी के साथ भी खाया जा सकता है। इस रेसिपी का नाम है आलू टमाटर का झोल। इसे साधारण आलू टमाटर की सब्जी मत समझिएगा। ये बहुत स्वादिष्ट सब्जी है। आलू टमाटर का झोल आप रूटीन खाने में तो बना ही सकते हैं, छोटे मोटे कार्यक्रम में भी ये सब्जी खाने का स्वाद बढ़ा देगी। चलिए जानते हैं लजीज आलू टमाटर का झोल बनाने की रेसिपी।

### सामग्री

हल्के उबले हुए आलू, पनीर, प्याज, टमाटर, अदरक, हरी मिर्च, लहसुन, हल्दी, नमक, लाल मिर्च पाउडर, तेल, हरी इलायची,



दालचीनी, लौंग, जीरा, धनिया पाउडर, हींग, दूध, मक्खन, पुदीना।

### बनाने की रेसिपी

उबले आलूओं में हल्दी, नमक, लाल मिर्च पाउडर और थोड़ा सा तेल डालकर मिक्स कर लें। फिर फ्राई करके रख दें। अब एक बर्तन में पनीर में हल्दी, नमक, लाल मिर्च और थोड़ा सा तेल डालकर रख दें। मसाला लगे पनीर को फ्राई करके रखें। अब एक पैन में तेल गर्म करें। इसमें इलायची, हरी इलायची, दालचीनी, लौंग और जीरा डालकर फ्राई कर लें। अब इसमें बारीक कटा प्याज गोल्डन ब्राउन होने तक भूनें और अदरक व हरी मिर्च डालें। फिर हल्दी, जीरा पाउडर, धनिया पाउडर, हींग और टमाटर डालें। टमाटर नरम हो जाये तो पानी डालकर धीमी आंच पर 3 से 4 मिनट तक पकाएं। अब दूध और मक्खन डालकर 3 से 4 मिनट पकाएं। फिर आलू जिसे अच्छे से कुरकुरे फ्राई किये हों और पनीर को डालकर धीमी आंच पर पका लें। धनिया या पुदीना की पत्ती से गार्निश कर के सर्व करें।

# यात्रा के दौरान भी चाहिए ग्लोइंग त्वचा



- तो रखें इन बातों का ध्यान
- वरना स्किन भी करेगी 'सफर'

शायद ही कोई व्यक्ति ऐसा होगा, जिसे घूमना-फिरना पसंद नहीं होगा। आज के समय में तो जैसे ही लोगों को अपने व्यस्त जीवन से थोड़ी सी राहत मिलती है तो वो अपने परिवार संग घूमने निकल जाते हैं। ठीक इसी तरह बैचलर्स भी अपने दोस्तों के साथ घूमने का मौका तलाशते रहते हैं। घूमने का प्लान बनाना तो बेहद आसान है लेकिन ट्रिप के दौरान अपनी त्वचा का ध्यान रखना बेहद मुश्किल हो जाता है।

### साथ में रखें ट्रैवल साइज स्किन केयर प्रोडक्ट

अगर आप कहीं घूमने जा रहे हैं तो भी उन स्किन केयर प्रोडक्ट्स को हमेशा अपने साथ ही रखें। अगर आपके स्किन केयर प्रोडक्ट के ट्रैवल साइज पैकेट नहीं आते तो आपको इसके लिए बाजार में पैकेट्स मिल जाएंगे, जिनमें आप अपने प्रोडक्ट कैरी कर सकते हैं।

### साथ में रखें मॉइस्चराइजर

अपने साथ हर हालत में मॉइस्चराइजर जरूर रखें। दरअसल, बदलते मौसम की वजह से त्वचा की नमी खो जाती है। ऐसे में मॉइस्चराइजर आपकी स्किन को सही रखने में मदद करेगा।

### इस्तेमाल करते रहें सनस्क्रीन

भले ही आप रोड ट्रिप पर हों लेकिन तब भी सनस्क्रीन का इस्तेमाल जरूर करें। ये आपको सूरज की हानिकारक किरणों से बचाएगी।

### शीट मास्क को रखें पास

अपने साथ हमेशा शीट मास्क रखें। ये स्किन को हाइड्रेट तो करता ही है और साथ में चेहरे को इंस्टेंट ग्लो देता है। इसका इस्तेमाल आप ट्रेन और बस में भी कर सकती हैं।

# गिरते बालों से लगता है डर



- तो ऐसे करें एलोवेरा का इस्तेमाल
- कुछ ही दिन में दिखेगा असर

हर कोई चाहता है कि उनके बाल मजबूत, काले और घने बनें। इसके लिए लोग तमाम तरह के हेयर केयर प्रोडक्ट इस्तेमाल करते हैं, पर कई बार ये देखने को मिलता है कि ये हेयर केयर प्रोडक्ट बालों को मजबूत बनाने की बजाय और ज्यादा कमजोर बना जाते हैं। बाल जब जड़ से कमजोर होने लगते हैं तो इनका झड़ना स्वाभाविक है। ऐसे में आप अगर अपने खान-पान का सही से ध्यान रखें और केमिकल वाले प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल ना करें तो आप अपने बालों को मजबूत बनाने के साथ उनकी खोई हुई चमक वापस ला सकते हैं।

### पहला तरीका

वैसे तो बालों में एलोवेरा का इस्तेमाल करना बेहद आसान है, लेकिन फिर भी लोग गलत तरीके से इसका इस्तेमाल करते हैं। अगर आप अपने बालों को मजबूत बनाना चाहते हैं तो एलोवेरा इस्तेमाल करने का पहला तरीका जान लें। इसके लिए सबसे पहले जो तेल आप बालों में लगाते हैं, उसको थोड़ा सा गर्म कर लें। अब एक कटोरी में 5 चम्मच तेल और 3 चम्मच एलोवेरा जेल मिलाएं। रात को सोने से पहले इस पेस्ट को बालों की जड़ों से लेकर आखिरी छोर तक लगाएं और सुबह शैंपू से बाल धो लें। इससे आपके बालों को जरूर फायदा मिलेगा।

### दूसरा तरीका

अगर आपके बाल काफी ज्यादा झड़ रहे हैं तो ये आपके लिए बेहतर विकल्प है। इसके लिए एक कप में सबसे पहले दो चम्मच एलोवेरा जेल लें। इसके बाद इसमें 2 प्याज को पीसकर इसका रस निकालें और इसे अच्छे से मिलाएं।

इस पेस्ट को नहाने के पहले एक घंटे के लिए बालों की जड़ों से लेकर आखिरी छोर तक लगाएं। कुछ दिन इस्तेमाल के बाद आपको इसका असर दिखने लगेगा।

### तीसरा तरीका

इसके लिए अगर आप ताजे एलोवेरा जेल का इस्तेमाल करेंगी तो ये ज्यादा जल्दी फायदा करेगा। इसके इस्तेमाल के लिए सबसे पहले ताजा एलोवेरा जेल निकाल कर एक कटोरी में रख लें। इसके बाद बालों को सही से सुलझा लें। आप इस जेल को सीधा अपने बालों में लगा सकती हैं।

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## आज का राशिफल

**मेष** : रोजगार मिलेगा। अप्रत्याशित लाभ होगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। विवाद न करें। नौकरी करने वालों को ऐच्छिक स्थानांतरण एवं पदोन्नति मिलने की संभावना है। स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही न करें।

**वृष** : फालतू खर्च होगा। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। वाणी पर नियंत्रण रखें। चिंता रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। नवीन मुलाकातों से लाभ होगा। आमदनी बढ़ेगी। रुका धन मिलने से निवेश में वृद्धि होने के योग हैं। उदर संबंधी विकार हो सकते हैं।

**मिथुन** : विवाद से क्लेश होगा। शारीरिक कष्ट संभव है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा सफल रहेगी। आपसी मतभेद, मनमुटाव बढ़ेगा। किसी से मदद की उम्मीद नहीं रहेगी। समस्या बनी रहेगी। व्यसनाधीनता से बचें। व्यापार, रोजगार मध्यम रहेगा।

**कर्क** : घर-बाहर तनाव रहेगा। विवाद को बढ़ावा न दें। जल्दबाजी न करें। नई योजना बनेगी। नए अनुबंध होंगे। किसी मामले में कटु अनुभव मिल सकते हैं। सरकारी, कानूनी विवाद सुलझेंगे। जोखिम, लोभ, लालच से बचें। नया काम, व्यवसाय आदि की बात बनेगी।

**सिंह** : धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। कानूनी बाधा दूर होकर लाभ होगा। पूँजी निवेश बढ़ेगा। पहले किए गए कार्यों का लाभदायी फल आज मिल सकेगा। संतान के कामों से खुशी होगी। व्यापार-व्यवसाय में तरक्की होगी।

**कन्या** : चोट, चोरी व विवाद आदि से हानि संभव है। पुराना रोग उभर सकता है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। परिवार की स्थिति अच्छी रहेगी। रचनात्मक काम करेंगे। कर्मचारियों पर निगाह रखें। परिवार की समस्या का उचित समाधान होगा।

**तुला** : शारीरिक कष्ट से बाधा संभव है। भागदौड़ रहेगी। घर-परिवार का सहयोग प्राप्त होगा। राजकीय सहयोग मिलेगा। कार्यकुशलता सहयोग से लाभान्वित होंगे। काम में मन लगेगा। स्वयं का सोच अनुकूल रहेगा। रिश्तेदारों से संबंधों की मर्यादा बनाए रखें।

**वृश्चिक** : चोट व रोग से बाधा संभव है। बेचैनी रहेगी। भूमि व भवन संबंधी बाधा दूर होगी। रोजगार मिलेगा। संतान के स्वास्थ्य में सुधार होगा। सोचे कामों में मनचाही सफलता मिलेगी। व्यापारिक निर्णय समय पर लेना होंगे। पुरानी बीमारी उभर सकती है।

**धनु** : पार्टी का आनंद मिलेगा। विद्यार्थी वर्ग को सफलता मिलेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रमाद न करें। नए कार्यों, योजनाओं की चर्चा होगी। लाभदायी समाचार आएँगे। समाज में आपके कार्यों की प्रशंसा होगी। साहस, पराक्रम बढ़ेगा। विश्वासप्रद माहौल रहेगा।

**मकर** : पुराना रोग उभर सकता है। भागदौड़ रहेगी। दुःखद समाचार मिल सकता है। धैर्य रखें। अस्वस्थता बनी रहेगी। खुद के प्रयत्नों से ही जनप्रियता एवं सम्मान मिलेगा। रोजगार के क्षेत्र में संभावनाएँ बढ़ेंगी। स्थायी संपत्ति संबंधी खटपट हो सकती है।

**कुंभ** : प्रयास सफल रहेंगे। प्रशंसा प्राप्त होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। वाणी पर नियंत्रण रखें। लाभ होगा। व्यवसाय अच्छा चलेगा। कार्य क्षेत्र में नई योजनाओं से लाभ होगा। लगन, मेहनत का उचित फल मिल सकेगा। क्रोध एवं उत्तेजना पर संयम रखें। विवाद सुलझेंगे।

**मीन** : पुराने संगी-साथियों से मुलाकात होगी। शुभ समाचार प्राप्त होंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। लाभ होगा। परिश्रम का पूरा परिणाम मिलेगा। अच्छी व सुखद स्थितियाँ निर्मित होंगी। विरोधी आपकी छवि खराब करने का प्रयास कर सकते हैं।

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

## खबरें गांव की...

### मेरठ में सेक्स रैकेट का खुलासा

**मेरठ.** मेरठ के मंगलपांडेनगर में द-सीजर्स फैमिली यूनिसेक्स सैलून/स्पा सेंटर पर एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट ने छापा मारकर देह व्यापार का भंडाफोड़ किया। टीम ने वहां से कई आपत्तिजनक सामान बरामद किए हैं। दो संचालिका समेत 16 लोगों की गिरफ्तारी की गई है। इनमें नौ महिलाएं हैं। आरोपियों से पूछताछ हो रही है। एक बैंककर्मी ने चार दिन पहले इस बारे में एसएसपी से शिकायत की थी। बताया था कि उसे हनीट्रैप में फंसाकर स्पा सेंटर पर बुलाया और यहां वीडियो बना ली। इस वीडियो को वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल किया जा रहा था और पांच लाख रुपये वसूले गए।

### जमीन के नीचे गड़ा धन न निकाल पाने पर तांत्रिक की हत्या, मंदिर में फेंका शव

**महोबा.** महोबा जिले से एक चौकाने वाला मामला सामने आया है। जहां जमीन में भीतर गड़ा धन नहीं निकाल पाने पर कुछ लोगों ने तांत्रिक की पीट-पीटकर हत्या कर दी। तांत्रिका का शव को मंदिर में हवन कुंड के पास मिला। ये घटना पनवाड़ी थाना क्षेत्र के बैंदो गांव का है। 60 साल के हरिचरण तंत्र-मंत्र करते थे। भतीजे अर्जुन के अनुसार रविवार सुबह बरात पहाड़ी के कुछ लोग उनको अपने साथ ले गए थे। दोपहर में हरिचरण का मोबाइल बंद मिला, इस पर वह बरात पहाड़ी गांव पहुंचा। वहां बाहर काली माता मंदिर में हवन कुंड के पास चाचा का शव पड़ा था। जि से देकर वह दंग रह गया। आनन-फानन में उसने इसकी सूचना पुलिस को दी। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस टीम शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल में जुट गई। युवक बताया कि बरात पहाड़ी के ही रहने वाले प्रताप और उसका साथी जमीन के अंदर गड़े धन की लालच में चाचा को ले गए थे। धन का सही स्थान नहीं बता पाने पर उन्होंने चाचा को लाठी-डंडों और ईंट से पीटकर मार डाला।

### देवर ने की भाभी और भतीजी की हत्या

**गाजियाबाद.** गाजियाबाद जिले के शाहपुर बम्हैटा गांव में एक देवर ने अपनी भाभी और मासूम भतीजी की हत्या कर दी। हत्या के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। हत्या का कारण अब तक पता नहीं चल सका है। पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिए टीमें गठित कर दी हैं। वारदात की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, गाजियाबाद के शाहपुर बम्हैटा गांव में मोहम्मद जीशान आलम ने सोमवार सुबह करीब साढ़े दस बजे अपनी 34 वर्षीय भाभी शाहीन परवीन पत्नी बुरहान और तीन माह की भतीजी आफिया की बेरहमी से हत्या कर दी।

# विधानसभा चुनाव में गड़बड़ी की आशंका!

- हथियारों के साथ पकड़े गए 9 कश्मीरी युवक



**मुंबई.** महाराष्ट्र में हो रहे विधानसभा चुनावों में गड़बड़ी की एक बड़ी कोशिश नाकाम हो गई है. खुफिया इनपुट के आधार पर महाराष्ट्र पुलिस और सेना ने संयुक्त ऑपरेशन में 9 कश्मीरी युवकों को अरेस्ट किया है.पुलिस ने इनके पास से 9 राइफल और 58 जिंदा कारतूस बरामद किया है. इन अराजक तत्वों के बारे में सेना को इनपुट मिले थे. इसके बाद सेना ने महाराष्ट्र के अहिल्यानगर (पूर्व में अहमदनगर) पुलिस के साथ मिलकर अभियान चलाया और इन्हें गिरफ्तार कर पूछताछ शुरू कर दी है.

पकड़े गए सभी आरोपी जम्मू कश्मीर में राजौरी के रहने वाले हैं. महाराष्ट्र पुलिस के मुताबिक आरोपियों की पहचान शब्बीर मोहम्मद इकबाल हुसैन गुज्जर (38), मोहम्मद सलीम उर्फ सलीम गुल मोहम्मद (32), मोहम्मद सरफराज नजीर हुसैन (24), जहांगीर जाकिर हुसैन (28), शहबाज अहमद नजीर हुसैन (33), सुरजीत रमेशचंद्र सिंह, अब्दुल रशीद चिडिया (38), तुफैल अहमद मोहम्मद गाजिया और शेर अहमद गुलाम हुसैन के रूप में हुई है. पुलिस के मुताबिक इनमें शेर अहमद गुलाम हुसैन गिरोह का सरगना है.

#### पन्नू ने पिछले साल भी दी थी धमकी

आरोपियों का नेटवर्क खंगालने में जुटी पुलिस

पुलिस के मुताबिक महाराष्ट्र में इन अराजक तत्वों के संबंध में इनपुट मिलने के बाद सभी सिक्योरिटी गार्ड का वैरिफिकेशन कराया जा रहा है. इस क्रम में पकड़े गए आरोपियों की पहचान और शस्त्र लाइसेंस की जांच हुई और गड़बड़ी की पुष्टि होने के बाद इन्हें अरेस्ट किया गया है .फिलहाल इन सभी के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है. साथ ही इनके नेटवर्क को भी खंगाला जा रहा है. इसके लिए पुलिस और सेना की गुप्तचर एजेंसी इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस की मदद ले रही है.

#### अहिल्या नगर से हुई अरेस्टिंग

आशंका है कि वह पाकिस्तान में बैठे अपने हैंडलर के इशारे पर महाराष्ट्र चुनाव में गड़बड़ी के इरादे से अहिल्या नगर पहुंचा था. पुलिस के मुताबिक इन आरोपियों की गिरफ्तारी से एक बड़ी साजिश का खुलासा हुआ है.

इसमें पता चला है कि आरोपियों ने सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी का हवाला देते हुए 50-50 हजार रुपये खर्च कर फर्जी लाइसेंस बनवाया और हथियार खरीदा था. इसके बाद यह सभी लोग अहिल्यानगर में श्रीगोंडा, छत्रपति संभाजीनगर, पुणे आदि में सुरक्षा गार्ड की नौकरी करते हुए उचित अवसर का इंतजार कर रहे थे.

## हम हटा देंगे 50% आरक्षण की सीमा

- प्रचार के आखिरी दिन राहुल गांधी ने चला बड़ा दांव



**मुंबई.** महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार के आखिरी दिन राहुल गांधी ने बड़ा दांव चल दिया है। उन्होंने कहा कि महाविकास अघाड़ी की सरकार बनने के बाद आरक्षण की 50 फीसदी वाली सीमा को खत्म कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस समय का सबसे बड़ा मुद्दा जाति जनगणना है। सरकार बनने के बाद जाति जनगणना करवाई जाएगी।

राहुल ने मुंबई में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'जाति जनगणना हमारे सामने सबसे बड़ा मुद्दा है और हम इसे पूरा करेंगे। यह हमारा केंद्रीय स्तंभ है।' उन्होंने महाराष्ट्र में 20 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव को कुछ अरबपतियों और गरीबों के बीच विचारधाराओं की लड़ाई करार दिया। कांग्रेस नेता ने कहा कि 'फॉक्सकॉन' और 'एयरबस' समेत सात लाख करोड़ रुपये की परियोजनाएं महाराष्ट्र से गुजरात स्थानांतरित कर दी गईं, जिससे महाराष्ट्र के युवाओं की नौकरियां छिन गईं।

उन्होंने कहा कि महाविकास आघाडी गठबंधन बहुमत हासिल करने के बाद अगर सरकार बनाता है तो वह सरकार महाराष्ट्र के लोगों के हितों का ध्यान रखेगी। गांधी ने कहा कि मुंबई में धारावी पुनर्विकास योजना में एक व्यक्ति की मदद करने के लिए पूरी राजनीतिक मशीनरी को तोड़-मरोड़ दिया गया।

उन्होंने संवाददाता सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नारे 'एक हैं तो सेफ हैं' का मजाक उड़ाते हुए एक तिजोरी निकाली और उसमें से मोदी और उद्योगपति गौतम अदाणी का एक पोस्टर निकाल कर कहा, 'जब तक ये साथ हैं तब तक ये सुरक्षित हैं।'

## शंभू बॉर्डर पर बैठे किसान 6 दिसंबर को दिल्ली कूच करेंगे

- ट्रैक्टर-ट्रॉली नहीं ले जाएंगे
- किसान नेता बोले- 9 महीने से चुप हैं

**चंडीगढ़.** हरियाणा के शंभू बॉर्डर पर धरने पर बैठे किसान 6 दिसंबर को किसान दिल्ली के लिए कूच करेंगे। चंडीगढ़ में सोमवार (18 नवंबर) को हुई किसानों की मीटिंग में फिर से दिल्ली जान का फैसला लिया गया। बैठक में किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने कहा कि शंभू बॉर्डर से ही दिल्ली रवाना होंगे। पंधेर का कहना है कि 9 महीने से किसान चुप बैठे हैं, लेकिन सरकारों की ओर से हमारी उपेक्षा की जा रही है। इस कारण दिल्ली जाने का फैसला लिया है।

किसान इस बार अपने साथ ट्रैक्टर-ट्रॉली नहीं ले जाएंगे, लेकिन समूह में जाएंगे। पंधेर ने सरकार से मांग की कि उन्हें प्रदर्शन के लिए जगह मुहैया कराई जाए।

#### जंतर-मंतर और रामलीला ग्राउंड में जगह मांगी

किसान नेता पंधेर ने कहा है कि सरकार के पास 6 दिसंबर तक का समय है। अगर सरकार हमारी मांगें पूरी नहीं करती तो किसान पीछे नहीं हटेंगे। जत्थों के साथ दिल्ली कूच करेंगे। अगर आगे कोई रणनीति बनेगी तो मीडिया में बताएंगे।

#### किसान नेता डल्लेवाल 26 नवंबर से भूख हड़ताल पर

इससे पहले संयुक्त किसान मोर्चा के नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल आमरण अनशन का ऐलान कर चुके हैं। वह 26 नवंबर से भूख हड़ताल पर बैठेंगे। किसान मजदूर मोर्चा (भारत) और संयुक्त किसान मोर्चा (गैर राजनीतिक) के नेताओं ने किसान भवन चंडीगढ़ में कहा था कि सरकार किसानों के मुद्दों को लेकर गंभीर नहीं है। इसके कारण किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल खनौरी सीमा मोर्चे पर आमरण अनशन पर बैठेंगे और अंतिम सांस तक अनशन जारी रखेंगे। डल्लेवाल ने कहा था कि उनकी कई मांगें, जिनमें न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) की गारंटी और खाद व फसल खरीद में पारदर्शिता शामिल है, अभी तक पूरी नहीं हुई हैं। मोर्चे के नेताओं ने कहा था कि यदि अनशन के दौरान डल्लेवाल की जान जाती है तो इसके लिए केंद्र और राज्य सरकार जिम्मेदार होगी।

## बिहार में कोहरे के कारण 17 ट्रेनें, 6 फ्लाइट लेट

- MP में स्कूलों की टाइमिंग बदली
- लद्दाख और कश्मीर में बर्फबारी



**नई दिल्ली.** देश में ठंड के साथ-साथ कोहरे का असर भी लगातार बढ़ते जा रहा है। बिहार में कोहरे के कारण विजिबिलिटी घटने से 17 ट्रेनें लेट हो गईं। 6 विमानों के टेकऑफ और लैंडिंग में भी देरी हुई।

मध्य प्रदेश में भी सर्द हवा चलने का दौर लगातार जारी है। अब स्कूलों की टाइमिंग भी बदली जा रही है। भोपाल में कई प्राइवेट स्कूलों ने 30 मिनट तक टाइमिंग बढ़ा दी है। इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर-उज्जैन में भी समय बदलने की तैयारी है। मौसम विभाग के मुताबिक, 20 नवंबर के बाद से MP में सर्दी फिर बढ़ेगी।

मौसम विभाग ने कहा है कि मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा, झारखंड, पश्चिम बंगाल में सोमवार को तापमान सामान्य से 2 डिग्री रहने की उम्मीद है। देश में दिल्ली सबसे ठंडा प्रदेश है। यहां रविवार को तापमान 11.8 डिग्री रिकॉर्ड किया गया।


इसके अलावा रविवार शाम और सोमवार सुबह कश्मीर और लद्दाख के कुछ इलाकों में बर्फबारी भी हुई। बर्फबारी के कारण श्रीनगर से कारगिल जाने वाली सड़क भी कुछ देर के लिए बंद हो गई।

## स्कूल एसेंबली में लेट पहुंची 18 बच्चियां, टीचर ने काट दिए बाल; मारपीट भी की

आंध्र प्रदेश के अल्लूरी सीताराम राजू जिले के एक स्कूल में हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। शिक्षिका ने सुबह की प्रार्थना सभा में देर से पहुंचने वाली छात्राओं के बाल कथित तौर पर काट दिए। इस घटना से विवाद खड़ा हो गया। छात्राओं के साथ मारपीट भी की गई और सजा के तौर पर उन्हें धूप में खड़ा कर दिया। रिपोर्ट के अनुसार, उसने छात्रों से यह भी कहा कि वे इस घटना के बारे में किसी को न बताएं।

यह घटना कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में घटी। स्कूल एक आवासीय बालिका माध्यमिक विद्यालय है। आरोपी शिक्षक की पहचान साईं प्रसन्ना के रूप में की गई है। शिक्षिका पर छात्राओं की सुरक्षा खतरे में डालने का आरोप है।

## होटल के स्विमिंग पूल में 3 सहेलियां डूबीं



**मंगलुरु.** मंगलुरु के एक बीच रिजॉर्ट के स्विमिंग पूल में तीन युवतियों की डूबकर मौत हो गई। यह सारी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। मैनेजर के रिजॉर्ट को लापरवाही के आरोप में गिरफ्तार किया गया है और केस दर्ज किया गया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। मृतक युवतियों की पहचान, निशिता (21 साल), पार्वती एस (20 साल) और कीर्तना एन (21 साल) की गई है। ये सभी मैसूर के कॉलेज में फाइनल ईयर की छात्रा थीं।


पुलिस ने बताया कि ये युवतियां वाजको रिजॉर्ट में छुट्टियां मनाने गई थीं। तैरना ना जानने के बावजूद वे नहाने के लिए स्वीमिंग पूल में उतर गईं। पहले ये लोग उथले पानी में खड़ी थीं। लेकिन एक युवती गहरे पानी की ओर जाने लगी। तभी अचानक वह डूबने लगी। दूसरी ने उसे खींचने की कोशिश की तो वह भी गहरे पानी में चली गई। इसके बाद तीसरी युवती भी गहरे पानी में उतर पड़ी।

वीडियो में देखा गया कि स्वीमिंग पूल के दूसरी तरफ तैर रहे ट्यूब्स को पकड़ने के लिए उन्होंने हाथ पैर मारे लेकिन कामयाब नहीं हो पाए। इसके बाद धीरे-धीरे उनके हाथ पैर चलने बंद हो गए। रिजॉर्ट के स्टाफ ने जब देखा कि स्वीमिंग पूल में शव तैर रहे हैं तो उसने पुलिस को जानकारी दी। पता चला कि स्वीमिंग पूल के पास में ना तो लाइफगार्ड मौजूद थे और ना ही कहीं पूल की गहराई के बारे में लिखा गया था।

## एंबुलेंस को रास्ता न देना पड़ा भारी; कार चालक का लाइसेंस रद्द

- 2.5 लाख रुपये का जुर्माना

**त्रिशूर.** केरल के त्रिशूर में एंबुलेंस को रास्ता न देने पर एक व्यक्ति के खिलाफ सख्त ऐक्शन लिया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, उसका ड्राइविंग लाइसेंस रद्द कर दिया गया और 2.5 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया गया। यह घटना 7 नवंबर को चलाकुडी इलाके की है। एक एंबुलेंस पोन्नानी से त्रिशूर मेडिकल कॉलेज जा रही थी, जिसे कार चालक जानबूझकर रास्ता नहीं दे रहा था। पैरामेडिक्स की ओर से इस घटनाक्रम का वीडियो शेयर किया गया, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।




वीडियो में दिख रहा है कि सिल्वर मारुति सुजुकी कार दो-लेन वाली सड़क से गुजर रही है। इसका ड्राइवर जानबूझकर 2 मिनट से अधिक समय तक एंबुलेंस को पीछे रोके रहता है। इस दौरान एंबुलेंस चालक की ओर से लगातार हॉर्न बजाया जाता है, मगर सामने वाले को कोई फर्क नहीं पड़ता। एंबुलेंस की ओर से बार-बार ओवरटेक करने की कोशिश की जाती है, मगर कार चालक उसे आगे नहीं जाने देता। अब अधिकारियों ने कार के रजिस्टर्ड नंबर के जरिए चालक की पहचान कर ली है। उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

#### मोटर वाहन अधिनियम की धाराओं के तहत कार्रवाई

रिपोर्ट के मुताबिक, आरोपी ड्राइवर पर मोटर वाहन अधिनियम की कई धाराओं के तहत आरोप लगा है। इसमें आपातकालीन वाहन को रोकना, अधिकृत प्राधिकारी के कार्यों में बाधा डालना और वैध प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणपत्र (PUCC) नहीं रखना शामिल है। जुर्माने की कुल राशि में कई उल्लंघनों के लिए हर्जाना शामिल किया गया है, जो कि आपातकालीन सेवाओं में बाधा डालने की गंभीरता को दर्शाता है। मोटर वाहन अधिनियम की धारा 194E के अनुसार, एंबुलेंस को रास्ता देने से इनकार करने पर 6 महीने तक की कैद का प्रावधान है। 10 हजार रुपये का जुर्माना या दोनों हो सकता है। अधिकारियों ने कहा कि इस तरह की बाधा डालने से चिकित्सा सहायता में देरी होती है और किसी का जीवन खतरे में पड़ सकता है।

## केएल राहुल पर्थ टेस्ट में कर सकते हैं ओपनिंग

- फिट होने के बाद प्रैक्टिस शुरू की
- चोटिल गिल पहले टेस्ट से बाहर
- रोहित भी नहीं खेलेंगे



टॉप ऑर्डर बैटर शुभमन गिल ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाले पहले टेस्ट से बाहर हो गए हैं। वे शनिवार को प्रैक्टिस मैच के दौरान चोटिल हो गए थे। हाल ही में दूसरी बार पिता बने भारतीय कप्तान रोहित शर्मा भी पहले टेस्ट में नहीं खेलेंगे। उनकी गैरमौजूदगी में जसप्रीत बुमराह कप्तान होंगे। वहीं, केएल राहुल पहले टेस्ट में ओपनिंग कर सकते हैं। भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल ने वाका में प्रैक्टिस शुरू कर दी है। राहुल को शुक्रवार को प्रैक्टिस मैच के दौरान दायीं कोहनी में चोट लग गई थी।

उधर, देवदत्त पडिक्कल को ऑस्ट्रेलिया में ही रोक लिया गया है। वे पिछले 20 दिनों से ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट खेलने गई इंडिया-ए टीम का हिस्सा थे। क्रिकबज की रिपोर्ट के मुताबिक, भारतीय टीम मैनेजमेंट ने सिलेक्शन कमेटी से बात करने के बाद पडिक्कल को सीनियर टीम के बैकअप के लिए ऑस्ट्रेलिया में ही रोक लिया है।

भारतीय टीम बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के लिए ऑस्ट्रेलिया दौरे पर गई है। टीम दौरे की शुरुआत 22 नवंबर से पर्थ में पहले टेस्ट के साथ करेगी। वहां भारतीय टीम को 5 टेस्ट मैचों की सीरीज खेलनी है।

| मैच | कहां | कब |
|---|---|---|
| पहला टेस्ट | पर्थ | 22-26 नवंबर |
| दूसरा टेस्ट | एडिलेड | 6-10 दिसंबर (D/N) |
| तीसरा टेस्ट | गाबा | 14-18 दिसंबर |
| चौथा टेस्ट | मेलबर्न | 26-30 दिसंबर |
| पांचवां टेस्ट | सिडनी | 3-7 जनवरी |

## CJI संजीव खन्ना ने बदल दी परंपरा

- अब बुधवार और गुरुवार को सुने जाएंगे सिर्फ ये केस



**नई दिल्ली.** CJI यानी भारत के मुख्य न्यायाधीश का पद संभालते ही जस्टिस संजीव खन्ना लगातार नियमों में बदलाव कर रहे हैं। ताजा बदलाव मामलों की सुनवाई से जुड़ा है। खबर है कि अब सुप्रीम कोर्ट में बुधवार और गुरुवार को नियमित सुनवाई वाले मामलों को सूचिबद्ध नहीं किया जाएगा। 10 नवंबर को ही जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ सीजेआई पद से रिटायर हुए हैं।

उच्चतम न्यायालय में मामलों की सुनवाई के संबंध में शनिवार को एक नया परिपत्र जारी किया गया। परिपत्र के अनुसार, बुधवार और गुरुवार को नियमित सुनवाई वाले मामले सूचीबद्ध नहीं होंगे। परिपत्र में कहा गया, 'अब से नोटिस के बाद मंगलवार, बुधवार और गुरुवार को स्थानांतरण याचिकाओं और जमानत मामलों सहित विविध मामलों को सूचीबद्ध किया जाएगा और अगले आदेश तक बुधवार और गुरुवार को कोई नियमित सुनवाई का मामला सूचीबद्ध नहीं किया जाएगा।'

परिपत्र में कहा गया, 'विशेष पीठ या आंशिक सुनवाई वाले मामले, चाहे विविध या नियमित सुनवाई हो, जिन्हें मंगलवार, बुधवार और गुरुवार को सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया गया है, उन्हें भोजनावकाश के बाद के सत्र में या सक्षम प्राधिकारी के निर्देशानुसार सूचीबद्ध किया जाएगा।'

मौजूदा परंपरा के अनुसार, नए मामलों को सोमवार और शुक्रवार को सूचीबद्ध किया जाता है, जब विविध मामलों पर सुनवाई होती है। मंगलवार और गुरुवार को नियमित सुनवाई के उन मामलों को सूचीबद्ध किया जाता है, जहां अंतिम सुनवाई होती है।

#### हाल ही में जारी किया नया रोस्टर

CJI खन्ना ने हाल ही में 16 पीठों को नए मामलों के आवंटन के लिए एक नया रोस्टर जारी किया है, साथ ही यह निर्णय लिया गया है कि प्रधान न्यायाधीश और दो वरिष्ठतम न्यायाधीशों की अध्यक्षता वाली पहली तीन अदालतें क्रमशः पत्र याचिकाओं और जनहित याचिकाओं की सुनवाई करेंगी। प्रधान न्यायाधीश के आदेश के तहत नए मामलों के आवंटन के लिए रोस्टर को सर्वोच्च न्यायालय की रजिस्ट्री ने अधिसूचित किया और यह 11 नवंबर से प्रभावी हो गया है।

#### बॉम्बे हाईकोर्ट की औरंगाबाद पीठ ने

## शिरडी में फूल और माला चढ़ाने की अनुमति दी

**मुंबई.** बॉम्बे हाईकोर्ट की औरंगाबाद पीठ ने शिरडी में श्री साईंबाबा संस्थान में फूल और माला चढ़ाने की अनुमति दे दी है। कोविड-19 महामारी के कारण यह प्रथा तीन साल से अधिक समय से बंद थी। हाईकोर्ट संस्थान की तदर्थ समिति द्वारा फूल चढ़ाने की अनुमति मांगने वाली याचिकाओं और फूल विक्रेताओं द्वारा मंदिर परिसर के अंदर फूल बेचने की अनुमति मांगने वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा था।

जस्टिस मंगेश पाटिल और शैलेश ब्रह्मे की पीठ ने 14 नवंबर को कहा, यह उचित होगा कि संस्थान/ट्रस्ट को फूल/माला चढ़ाने की अनुमति दी जाए... और तदर्थ समिति से आग्रह किया जाए कि वह फूल/माला चढ़ाने से उत्पन्न होने वाले कचरे के निपटान के तरीके के बारे में जल्द से जल्द उचित निर्णय ले।₹ 2021 में, मंदिर के प्रबंधन को चुनौती देते हुए एक जनहित याचिका (PIL) दायर की गई थी। सितंबर 2022 में न्यायालय ने राज्य सरकार को एक नई प्रबंध समिति गठित करने का निर्देश दिया। तब से प्रधान जिला न्यायाधीश, कलेक्टर और संस्थान के मुख्य कार्यकारी अधिकारी की एक तदर्थ समिति मंदिर के मामलों का प्रबंधन कर रही है।

## दिल्ली में AQI- 495 पहुंचा

- विजिबिलिटी घटकर 150 मीटर हुई
- कई फ्लाइट्स 1 घंटे तक लेट;
- 9वीं तक क्लास ऑनलाइन होंगी



**नई दिल्ली.** दिल्ली में प्रदूषण पिछले 6 दिनों से बेहद खतरनाक लेवल पर बना हुआ है। सोमवार सुबह यहां औसत AQI 481 रिकॉर्ड किया गया। अशोक विहार और बवाना इलाके में AQI 495 दर्ज किया गया। गुरुग्राम में AQI लेवल 576 तक पहुंच गया।

प्रदूषण के चलते दिल्ली के कई इलाकों में धुंध छाई हुई है। पालम समेत कुछ इलाकों में विजिबिलिटी घटकर 150 मीटर रह गई। इस कारण फ्लाइट्स प्रभावित हुई हैं। सोमवार सुबह इंडिगो और स्पाइसजेट के विमान 1 घंटे की देरी से उड़े।

बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए कमीशन फॉर एयर क्वालिटी मैनेजमेंट (CAQM) ने 18 नवंबर 2024 की सुबह 8 बजे से दिल्ली-NCR में बदले हुआ ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान (GRAP) के चौथे फेज को लागू कर दिया है।

साथ ही 9वीं तक के स्कूलों की ऑनलाइन क्लास चलाने को कहा गया है। 10वीं-12वीं के बच्चों के लिए मास्क जरूरी कर दिया गया है।

उधर, हरियाणा के भी 5 जिलों के प्राइमरी स्कूलों को बंद करने का आदेश जारी किया गया है। 14 जिलों में GRAP-4 के प्रतिबंध भी लागू किए गए हैं।

## कैलाश गहलोत भाजपा में शामिल

- कहा- मैंने ED-CBI के दबाव में AAP नहीं छोड़ी
- आतिशी कैबिनेट और पार्टी से इस्तीफा दिया




**नई दिल्ली.** आम आदमी पार्टी (AAP) और दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री पद से इस्तीफा देने के 24 घंटे बाद कैलाश गहलोत सोमवार को भाजपा में शामिल हो गए। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई। इस दौरान केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर मौजूद थे।

भाजपा में शामिल होने के बाद कैलाश गहलोत ने कहा- 'लोग सोचते होंगे कि रातों-रात ये फैसला ले लिया। किसी के दबाव में आकर फैसला लिया, लेकिन मैं बता दूं कि मैंने जीवन में कभी दबाव में कोई काम नहीं किया है। सुनने में आ रहा है कि ED, CBI के दबाव में मैंने ऐसा कर दिया, लेकिन ऐसा नहीं है।'

गहलोत ने कहा कि, 'वकालत छोड़कर मैं आम आदमी पार्टी से जुड़ा। अन्नाजी के वक्त से जुड़ा था। हजारों-लाखों कार्यकर्ताओं ने अपनी नौकरी और काम छोड़ा। हम एक विचारधारा से जुड़े, एक पार्टी और एक व्यक्ति में हमें उम्मीद दिखी थी। लगातार दिल्लीवासियों की सेवा के मकसद से जुड़ा था, राजनीति से जुड़ने का सिर्फ यही मकसद था।'

उन्होंने कहा, 'जब अपनी आंखों के सामने जिन मूल्यों के लिए पार्टी जॉइन की थी, उनके साथ समझौता होते देख रहा हूं। कष्ट होता है। मेरी पीड़ा है और हजारों-लाखों कार्यकर्ताओं की यही भावना है। आम आदमी की सेवा के लिए जुड़े थे, लेकिन वो सभी आम आदमी लगता है कि खास हो गए हैं।'

**संक्षेप...**

## टेंपो से 58.6 लाख का गुटखा जब्त. चालक गिरफ्तार

उल्हास विकास संवाददाता

**भिवंडी.** भिवंडी में पुलिस ने एक टेंपो से 58.68 लाख रुपये मूल्य का प्रतिबंधित गुटखा जब्त कर उसके चालक को गिरफ्तार किया है. निजामपुर पुलिस स्टेशन पुलिस ने एक गुप्त सूचना के आधार पर राशन कार्यालय परिसर खड़ी टेंपो में रखा हुआ विभिन्न 'ब्रांडों' के गुटखे जब्त किया. टेंपो चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है और उससे पूछताछ के बाद पुलिस को अवैध गुटखा व्यापार में शामिल 3 अन्य लोगों के बारे में जानकारी मिली है.

# चुनाव प्रचार में झोंकी पूरी ताकत

■ **बड़े नेताओं ने रोड शो कर किया शक्ति प्रदर्शन**

**मुंबई.** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए सोमवार (18 नवंबर) को प्रचार का आज आख़िरी दिन रहा. शाम पांच बजे चुनावी शोर खत्म हो गया. राज्य की 288 सीटों पर कुल 4140 उम्मीदवार हैं. 20 नवंबर को सुबह 7 बजे से शाम 6 तक मतदान होगा. कुछ संवेदनशील सीटों पर शाम पांच बजे तक वोट डाले जाएंगे. नेता से लेकर अभिनेता तक ने चुनाव प्रचार किया.

**4140**
**उम्मीदवार मैदान में**

सीएम एकनाथ शिंदे, डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस, डिप्टी सीएम अजित पवार, आदित्य ठाकरे, नाना पटोले, अमित ठाकरे, नवाब मलिक, जीशान सिद्दीकी और नाना पटोले जैसे बड़े चेहरे मैदान में हैं.

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे हो या राज ठाकरे, बड़े नेताओं ने रोड शो कर शक्ति प्रदर्शन किया. नवाब मलिक और उनकी बेटी



सना मलिक ने अणुशक्ति नगर और शिवाजी नगर मानखुर्द विधानसभा में रोड शो किया. मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने भी मुंबई के आधार दर्जन विधानसभा को कवर करते हुए रोड शो किया.

क ली ना विधानसभा में बीजेपी के चुनाव चिन्ह कमल पर RPI उम्मीदवार अमरजीत सिंह के लिए सीएम शिंदे के बेटे और सांसद श्रीकान्त शिंदे बाइक रैली निकाली.

मुंबई के सायन कोलीवाडा इलाके से भाजपा उम्मीदवार तमिल सेलवन के पूरी ताक़त झोंक दी. दो बार के विधायक तमिल सेल्वन जीत की हैट्रिक लगाना चाहते हैं. महाराष्ट्र के इकलौते तमिल विधायक तमिल सेल्वन ने रोड शो कर शक्ति प्रदर्शन किया. उनके प्रचार में दक्षिण फ़िल्मों के सुपर स्टार शरथ कुमार पहुंचे.

भोजपुरी फ़िल्मों के 'सलमान खान' कहे जाने वाले भोजपुरी स्टार दिनेश लाल यादव निरहुआ ने चुनाव प्रचार के आखिरी दिन मुंबई की कांदीवली सीट से उम्मीदवार अतुल भातखलकर के लिए ऑटो रिक्शा में चुनाव प्रचार किया. बड़ी संख्या में ऑटो चालकों के साथ ऑटो में बैठकर दिनेश लाल यादव निरहुआ और बीजेपी उम्मीदवार अतुल भातखलकर ने उत्तर भारतीयों के बीच प्रचार किया.

# ठाणे जिले में 'पिपाणी' ने 'तुतारी' बढ़ाया सरदर्द

**ठाणे.** एनसीपी (शरद पवार ग्रुप) ने 'तुतारी बजाते हुआ आदमी' के चुनाव चिन्ह पर लोकसभा चुनाव लड़ा था. लेकिन इस चुनाव में राष्ट्रवादी शरद पवार गुट के चुनाव चिन्ह के साथ-साथ ट्रम्पेट चुनाव चिन्ह पर भी जमकर वोटिंग हुई. 'ट्रम्पेट' को बोलचाल की भाषा में 'पिपानी' कहा जाता है। इस पिपानी सिंबल की वजह से शरद पवार गुट को कई सीटों पर झटका लगा. शरद पवार समूह ने ठाणे जिले में विधानसभा चुनाव के लिए पांच उम्मीदवार उतारे हैं। इन पांचों उम्मीदवारों से पहले निर्दलीय उम्मीदवारों को पिपानी सिंबल मिल चुका है. इसलिए संभावना है कि पिपानी के कारण ट्रम्पेट वादकों को सिरदर्द हो जाएगा।

ठाणे जिले में कुल 18 विधानसभा सीटें हैं. महाविकास अघाड़ी ने यहां मुंब्रा-कलवा, शाहपुर, उल्हासनगर, बेलापुर और मुरबाड सीटों पर महागठबंधन के खिलाफ उम्मीदवार उतारे हैं। जितेंद्र आव्हाड मुंब्रा कलवा निर्वाचन क्षेत्र से, पांडुरंग बरोरा शाहपुर निर्वाचन क्षेत्र से, ओमी कालानी उल्हासनगर निर्वाचन क्षेत्र से, संदीप नाइक बेलापुर से और सुभाष पवार मुरबाड निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे हैं।

लोकसभा चुनाव में कई जगहों पर निर्दलीय प्रत्याशी 'पिपानी' सिंबल पर चुनाव लड़ रहे थे. इन चुनावों में हजारों परिवारों ने पिपानी चुनाव चिन्ह पर उम्मीदवार को वोट दिया।

शाहपुर निर्वाचन क्षेत्र में शरद पवार समूह के उम्मीदवार सुभाष गोटीराम पवार हैं। उनके खिलाफ बीजेपी के किसन कथोरे चुनाव लड़ रहे हैं. इस निर्वाचन क्षेत्र में निर्दलीय उम्मीदवार सुभाष शांताराम पवार को ट्रम्पेट चुनाव चिन्ह मिला है।

मुंब्रा कलवा विधानसभा क्षेत्र से जीतेंद्र आव्हाड चुनाव लड़ रहे हैं और उनके खिलाफ एनसीपी अजित पवार गुट के नजीब मुल्ला चुनाव लड़ रहे हैं. इस सीट पर निर्दलीय उम्मीदवार अमीर अब्दुल्ला अंसारी ट्रम्पेट सिंबल पर चुनाव लड़ रहे हैं.

गणेश नाइक के बेटे संदीप नाइक शरद पवार समूह से बेलापुर सीट से चुनाव लड़ रहे हैं. इस निर्वाचन क्षेत्र में निर्दलीय उम्मीदवार प्रफुल्ल म्हात्रे को ट्रम्पेट चुनाव चिन्ह मिला है।

# 24 माह में विकास अन्यथा इस्तीफा





■ **दयानंद चोरघे ने मतदाताओं से किया वादा**

उल्हास विकास संवाददाता

**भिवंडी.** भिवंडी पश्चिम सीट से कांग्रेस उम्मीदवार दयानंद चोरघे की जीत से ही शहर विकास का बंद दरवाजा खुलेगा. 10 वर्षों से भाजपा नफरत फैलाकर हिंदू मुस्लिम भाइयों को आपस में लड़ाकर आपसी भाईचारा विध्वंस कर राज कर रही है. भाजपा के गंदे मंसूबों को खत्म करने, संविधान बचाने, जाति जनगणना की अहम लड़ाई देश की अवाम के लिए सांसद राहुल गांधी अनवरत लड़ रहे हैं. पावरलूम शहर बदहाल,बर्बाद हो गया है. विकास,खुशहाली के लिए कांग्रेस प्रत्याशी दयानंद चोरघे को जितना बेहद जरूरी है. उक्त उद्गार सांसद इमरान प्रतापगढ़ी ने मोबाइल से मौजूद विशाल जनसमूह के समक्ष व्यक्त किया. उक्त अवसर पर इवेन डिसूजा (एमएलसी, सेक्रेट्री एआईसीसी), मु.तारिक फारूकी( कांग्रेस महासचिव), पूर्व सांसद सुरेश टावरे, पूर्व शिक्षण सभापति प्रदीप राका, जिलाध्यक्ष रशीद ताहिर मोमिन, गुप्ता,हाजी नोमान खान, सोहेल खान, अनस अंसारी, सलाम शेख, पूर्व पार्षद वसीम अंसारी,मु. हुसैन अंसारी, मुन्ना अशरफ, तलहा मोमिन, साफ मोमिन रुखसाना कुरेशी, मनोज गगे सहित मबिआ के तमाम पदाधिकारी एवं समर्थक भारी तादाद में मौजूद थे. गौरतलब हो कि, दरगाह दीवान शाह वाटर टंकी के पास हुई प्रचार सभा में सांसद इमरान प्रतापगढ़ी ने अपने भेजे संदेश में कहा कि, केंद्र एवं महाराष्ट्र की महायुति शिंदे,फडणवीस सरकार मुसलमान कौम को परेशान करने का कोई मौका नहीं छोड़ रही है. बंटोगे तो कटोगे का नारा देकर हिंदू, मुस्लिम में नफरत पैदा कर धर्म, मजहब में बांटा जा रहा है. देश का संविधान खतरे में है. मुस्लिम वक्फ बोर्ड भूमि विवाद,मदरसों,मस्जिदों को नुकसान पहुंचाकर मुस्लिम समाज को अकारण परेशान भाजपा, आरएसएस मिलकर कर रही है. महायुति सरकार की गलत नीतियों से बिजली दरों में हुए भारी इजाफे से पावरलूम उद्योग करीब 70% बंद होने से लाखों गरीब मजदूरों के रोजगार पर खतरा पैदा हो गया है.

### 24 माह में विकास अन्यथा दे दूंगा इस्तीफा

दयानंद चोरघे ने मतदाताओं से भावुक अपील करते हुए कहा कि 10 वर्षों से भाजपा निर्वाचित विधायक के राज में शहर में कोई विकास नहीं हुआ है. चुनाव में उतरे भाजपा विधायक एवं मनपा जनप्रतिनिधि दोनों भी विकास कार्यों को अंजाम देने में असफल साबित हुए हैं. आप भरोसा कर विकास की खातिर अपना अमूल्य वोट 'हाथ का पंजा' निशानी पर कीजिए. आपके भरोसे को कभी नहीं तोड़ूंगा.

23 नवंबर को चुनाव जीतकर 24 माह में क्षेत्र का सर्वांगीण विकास करूंगा अन्यथा 25 वें माह ही जनता से माफी मांगकर इस्तीफा दे दूंगा. दयानंद चोरघे की सच्ची, बेबाक घोषणा से प्रबुद्ध वोटरों को कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में वोट देने को सोचने पर काफी हद तक मजबूर कर दिया है. हिंदू, मुस्लिम वोटर कांग्रेस की तरफ भारी संख्या में खिसकने के आसार दिखाई पड़ने से विरोधियों के पैर के नीचे से जमीन खिसकना शुरू हो चुकी है.

# आपसी मतभेदो को दूर कर एक साथ आएं -CM शिंदे



**बदलापुर.** मुरबाड विधानसभा से भाजपा- शिवसेना महायुति के उम्मीदवार किसन कथोरे के प्रचारार्थ बदलापुर में आयोजित एक जनसभा को मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने संबोधित किया व दो टूक शब्दों में कहा कि स्थानीय स्तर पर शिवसेना व भाजपा के बीच जो थोडी बहुत मतभेद होने की जानकारी उन्हें मिली है उसे तत्काल दूर करे व महायुति के उम्मीदवार किसन कथोरे को विजयी बनाए. मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने मंच से यहां तक कह दिया कि कुछ महिने में नपा के चुनाव होने वाले है यदि विधानसभा के चुनाव में जिस इच्छुक नगरसेवक के वार्ड में महायुति के उम्मीदवार को कम वोट मिलेंगे उसे उम्मीदवारी नहीं दी जाएगी.

स्थानीय गौरी हॉल में आयोजित जनसभा में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने आगे कहा कि भाजपा विधायक कथोरे ने अपने विधायकी कार्यकाल में काफी उल्लेखनीय कार्य किए है, राज्य व केंद्र सरकार ने उन्हें भरपूर निधी मुहैया कराई है जिससे इस विधानसभा क्षेत्र में अच्छी व पक्की सड़कें बनी है, अस्पताल व खेल के मैदान, बगीचे, बारवीं डैम की ऊंचाई बढ़ाई गई,

ग्रामीण सहित शहरी क्षेत्र में पानी की योजना कार्यान्वित जैसे बड़े काम हो सके है. इस जनसभा में किसन कथोरे ने अपने भाषण में बदलापुर के कुछ शिवसेनिको द्वारा काम न करने की बात कही. कथोरे की शिकायत पर मुख्यमंत्री शिंदे ने म्हात्रे और कथोरे को सलाह दी कि दोनों आपसी मतभेद भुलाकर एक साथ शहर महायुति का काम करें. उन्होंने चेतावनी दी कि बेईमानी किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी क्योंकि राज्य में महायुति सरकार को वापस लाने के लिए कई योजनाएं लागू की गई हैं. इसलिए हर हाल में राज्य में महायुति की सरकार सत्ता में आएगी. इस अवसर पर राकां के प्रमोद हिंदुराव, कैप्टन आशिष दामले, कुणबी सेना के विश्वनाथ पाटिल, नपा के पूर्व अध्यक्ष राजन घोरपड़े, राम पातकर , एकनाथ शेलार, शरद तेली, संभाजी शिंदे, रुचिता घोरपडे आदि भी उपस्थित थे.

# निवेश कंपनी के मालिक पर धोखाधड़ी का मामला

■ **मुंब्रा के 2 लोगों से 1.39 करोड़ रुपये ठगने का आरोप**

**ठाणे.** ठाणे शहर की मुंब्रा पुलिस ने दो लोगों से 1.39 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने के आरोप में एक निवेश कंपनी के मालिक के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया है. पुलिस मामले की जांच कर रही है.

पुलिस थाने के अधिकारी ने बताया कि पीड़ितों ने अच्छे मुनाफे की उम्मीद में आरोपी की कंपनी के जरिए जून 2024 तक दो साल में 1.64 करोड़ रुपये का निवेश किया लेकिन आरोपी ने पैसे को शेयर बाजार में निवेश नहीं किया और गबन किय. अधिकारी ने बताया कि बाद में उन्होंने पीड़ितों को केवल 24.9 लाख रुपये वापस किए, जिसके बाद पीड़ितों ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई. अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने रविवार को निवेश कंपनी के मालिक के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धाराओं 420 (धोखाधड़ी), 406 (आपराधिक विश्वासघात) और 409 (व्यापारी द्वारा आपराधिक विश्वासघात) के तहत प्राथमिकी दर्ज की है.

# पूर्व मंत्री डॉ. जितेंद्र आव्हाड के उपस्थिति में अनिल शुक्ला राकांपा में हुए शामिल

उल्हास विकास संवाददाता

**ठाणे.** शहर स्थित कलवा मुंब्रा विधानसभा के ब्राह्मण जन जागरण संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल शुक्ला नेपूर्व मंत्री डॉ जितेंद्र आव्हाड के उपस्थिति में बड़ी संख्या में अपने समर्थकों के साथ में राकपा का दामन थाम लिया।चुनावी मैदान में पार्टी में शामिल होने से राकपा को बड़ा फायदा होगा। पार्टी में शामिल करवाने में शहर अध्यक्ष सुहास देसाई, प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेंद्र उपाध्याय, हिंदी भाषी सेल प्रदेश



कार्याध्यक्ष पप्पू प्रभाकर सिंह, ठाणे शहर अध्यक्ष संतोष तिवारी, अरविंद मोरे ने अहम भूमिका निभाई। इस अवसर पर रिंकू यादव, लालचंद सरोज, पीसी पाण्डेय, प्रभाकर तिवारी, रत्नेश दुबे, राजेश मिश्रा, शिवसागर मिश्रा, मुन्ना पाठक, सचिन पांढरे, दत्तत्रेय जाधव, पीके सिंह, डब्बू सिंह सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे.

# मनोरोगियों को मिला मराठी फिल्म फुलवंती देखने का सुनहरा मौका

उल्हास विकास संवाददाता

**ठाणे.** समाज में मनोरोगियों को मुख्य धारा में लाने के लिए समय समय पर सामाजिक संस्थाओं की भी अहम भूमिका रहती है।उसी कड़ी में ठाणे सिटीजन फाउंडेशन की ओर से विवियाना माल में स्थित सिनेमा हाल में मनोरोगियों को फुलवंती फिल्म देखने का सुनहरा मौका मिला।मनोरोगियों में महिला व पुरूष दोनों उपस्थित थे।यह संकल्पना अस्पताल के सुपरिटेंडेंट डॉ. नेताजी मुलिक के निर्देश पर किया गया।फिल्म देखते हुए सभी मनोरोगी उत्साहित दिखाई दिए।इस



समय उपस्थित अस्पताल के डॉक्टर व कर्मचारियों ने मतदान करने के लिए सपथ भी ग्रहण किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए डॉ. ममता अलसपुरकर, डॉ. रानडे, डॉ. भागवत, डॉ. खांडेपारकर, आहार विशेषज्ञ प्रिया गुरव ,अधिसेविका संख्ये, मनोविकृती विशेषज्ञ परिचारिका शरण्या भालेराव सभी अधिकारी व कर्मचारियों का विशेष योगदान रहा।

# संतोष शेट्टी की जीत पक्की




■ **समर्थकों के नारे से गूंजा समूचा शहर**

उल्हास विकास संवाददाता

**भिवंडी.** भिवंडी पूर्व सीट से महायुति प्रत्याशी संतोष शेट्टी के समर्थन में सर्व समाज हजारों वोटरों, समर्थकों ने बाइक रैली निकालकर शक्ति प्रदर्शन कर विरोधियों की हवा निकाल दी. हजारों युवाओं की भीड़ में ₹धनुष बाण ही जीतेगा₹ के जोरदार नारे लगाते देखे गए. चुनाव प्रचार के आखिरी दिन बाइक रैली में शामिल हजारों महायुति नेताओं,समर्थकों ने भिवंडी के समग्र विकास की खातिर मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के धनुष बाण को रिकॉर्ड मतों से जिताने की अपील की.

गौरतलब हो कि,भिवंडी पूर्व सीट से महायुति प्रत्याशी संतोष शेट्टी के धुआंधार प्रचार से अधिसंख्यक लोगों को जीत होने का भरोसा हो चुका है.15 दिनों से महायुति नेताओं की शुरू सभा, रैली, पदयात्रा में हिंदू, मुस्लिम, मराठी, तेलगु, यादव, उत्तर भारतीय सहित सर्व समाज के दिलों में अपनी खासी पैठ बना चुके धनुष बाण प्रत्याशी संतोष शेट्टी की तरफ मतदाताओं के भारी झुकाव का फायदा वोट की शक्ल में तब्दील जरूर होगा.लाडली बहना योजना का भारी फायदा महिलाओं के वोट के रूप में मिलने की संभावना है. ठाकरचा पाड़ा ग्राउंड से शुरू विशाल बाइक रैली ताड़ाली जकात नाका, पीस पार्क,फेना गांव, मानसरोवर, धामण कर नाका, पद्मशाली समाज हाल,कल्याण नाका, अशोक नगर, काप आली, हसीन टॉकीज के सामने धनुष बाण निशानी से विकास के मुद्दे को लेकर चुनाव लड़ संतोष शेट्टी को प्रचंड वोटों से जिताने की अपील के बाद खत्म हुई. हजारों वोटरों की माने तो चुनाव प्रचार में मिले भारी जन समर्थन से महायुति प्रत्याशी संतोष शेट्टी की जीत का ग्राफ काफी हाई हो चुका है. चुनाव प्रचार के आखिरी दिन भी वोटरों का भारी जन समर्थन दिखाई पड़ने से 23 नवंबर को उनकी जीत की चर्चा शहर में फैली है.

# भिवंडी पश्चिम में विकास के लिए 'टीवी' ही जरूरी

■ **सर्व समाज के भारी समर्थन से विलास की जीत का कयास शुरू**

**भिवंडी.** भिवंडी पश्चिम सीट से निर्दलीय दमदार प्रत्याशी विलास आर पाटिल के समर्थन में हजारों समर्थकों की बाइक रैली से उनकी जीत पक्की दिखाई पड़ रही है.चुनाव प्रचार के अंतिम दिन विलास पाटिल के साथ हजारों समर्थकों ने ₹टीवी₹ निशान का बटन दबाकर विकास के लिए विलास ही जरूरी का जोरदार नारा लगाकर वोटरों से समर्थन मांगा.आदर्श पार्क से टीवी चुनाव का बोर्ड हाथों में थामे हजारों समर्थकों द्वारा बाइक की महारैली से समूचा क्षेत्र ट्रैफिक से जाम होकर चुनाव में विलास पाटिल की जीत का गवाह बनता दिखाई दिया.

गौरतलब हो कि, 'टीवी' निशान पर चुनाव लड़ रहे निर्दलीय उम्मीदवार विलास पाटिल की विशाल बाइक रैली आदेश पार्क,खोनी गांव, काटई,बंदर मोहल्ला, कारीवाली,दरगाह रोड, भंडारी कंपाउंड, नारपोली, अंजूरफाटा, कामतघर, वराल देवी



मंदिर, धामणकर नाका, मंगल बाजार स्लैब, नजराना कंपाउंड, तिलक चौक, छत्रपति शिवाजी महाराज चौक, मिल्लत नगर,म्हाडा कालोनी, कोन वाडा, कोलेकर चौक से होकर शिवाजी चौक पर विलास पाटिल की जीत के जयकारे के साथ खत्म हुई.क्षेत्रीय लोगों में फैली सुगबुगाहट के अनुसार, चुनाव प्रचार के दौरान मिले अपार जनसमर्थन एवं आखिरी दिन विलास पाटिल की हजारों युवा समर्थकों के साथ क्षेत्र में निकली बाइक रैली में दिखा युवा वोटरों का भारी ग्रुप से उनकी जीत पक्की दिखाई पड़ने लगी है.विलास पाटिल रैली में मतदाताओं से विकास के लिए हाथ जोड़कर 'टीवी' निशान का बटन दबाने की अपील कर रहे थे.चुनाव प्रचार के दिनों में विलास आर पाटिल को मिलते दिखाई पड़े भारी जन समर्थन से विरोधियों को अपनी हार दिखाई पड़ना शुरू है.30 वर्षों से शहर विकास में अहम भूमिका निभाने वाले विलास पाटिल ने प्रबुद्ध वोटरों से अपील किया है कि, विरोधियों के किसी दुष्प्रचार, बहकावे में नहीं आना है.आपके अमूल्य वोट से ही समग्र विकास होकर भिवंडी शहर का प्रत्येक एरिया मुंबई, ठाणे की तरह ही विकसित एवं जन सुविधा युक्त बन सकेगा. शहर की शहर के सर्वांगीण विकास की खातिर अमूल्य वोट 'टीवी'पर देकर शहर विकास में अमूल्य योगदान करें.

# 17 जनवरी को होगी रिलीज फिल्म 'इमरजेंसी'



■ **कंगना रनोट ने किया अनाउंस**
■ **सेंसर बोर्ड ने रोका था फिल्म का सर्टिफिकेट**

कंगना रनोट की विवादित फिल्म बीते लंबे समय से रिलीज के इंतजार में थी। सेंसेटिव मुद्दा होने पर फिल्म विवादों में थी। देशभर में फिल्म पर बैन लगाने की मांग किए जाने के बाद कई केस दर्ज हुए थे। वहीं दूसरी तरफ सेंसर बोर्ड ने फिल्म को सर्टिफिकेट देने से इनकार कर दिया था। हालांकि अब फिल्म की नई रिलीज डेट सामने आ चुकी है। कंगना रनोट ने हाल ही में अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट से फिल्म की नई रिलीज डेट की घोषणा की है।

17 जनवरी 2025 को देश की सबसे शक्तिशाली महिला की महाकाव्य गाथा और वो लम्हा जिसने भारत की किस्मत बदल दी। इमरजेंसी- सिर्फ सिनेमाघरों में दिखेगी।

### सर्टिफिकेट न मिलने से रुकी थी फिल्म की रिलीज

बताते चलें कि फिल्म इमरजेंसी 14 जून 2024 को रिलीज की जाने वाली थी। हालांकि लोकसभा चुनाव के चलते इसे पोस्टपोन कर दिया गया था। फिल्म को 6 सितंबर 2024 को रिलीज किया जाना था, हालांकि रिलीज से महज चंद दिनों पहले ही सेंसर बोर्ड ने फिल्म को सर्टिफिकेट देने से इनकार कर दिया था। आरोप थे कि फिल्म में विवादित सीन हैं, जिसके चलते शांति भंग हो सकती है।

30 अगस्त को कंगना ने बताया कि उनकी फिल्म इमरजेंसी को पास कर दिया गया था, लेकिन कुछ पावरफुल लोगों के दबाव के चलते सेंसर बोर्ड फिल्म को सर्टिफिकेट देने से इनकार दिया था। इस मामले में कंगना हाईकोर्ट तक पहुंची थीं। सिख समुदाय के कुछ आपत्तिजनक सीन होने पर तेलंगाना में भी फिल्म को बैन करने की मांग हुई थी।




यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099